हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, गुरुवार 16 अप्रैल 2026

04 हैलो गाइज से हकीकत तक, दिगौड़ा थाने के वीडियो का...



07 12वीं में संजना तो 10वीं में अमित ने लहराया...





## खबर संक्षेप



### प्रो. नागेश दुबे अधिष्ठाता बनाए गए

**सागर।** डॉ. हरीसिंह गौर केन्द्रीय विश्वविद्यालय, सागर के मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान अध्ययन शाला में अधिष्ठाता (डीन) पद का कार्यभार प्रो. नागेश दुबे, विभागाध्यक्ष, प्राचीन भारतीय इतिहास, संस्कृति एवं पुरातत्त्व विभाग ने पूर्व अधिष्ठाता प्रो. दिवाकर सिंह राजपूत, विभागाध्यक्ष, समाजशास्त्र विभाग द्वारा लेकर ग्रहण किया। इस अवसर पर शिक्षक डॉ. एस. के. यादव एवं कर्मचारीगण बाबूलाल रजक, अजय आठिया, अभय, प्रीति सेवते, इंदिरा पारचा उपस्थित रहे।

### केसली मंडी परिसर में उपार्जन हेतु बैठक

**सागर।** कलेक्टर प्रतिभा पाल के निर्देश पर मंडी परिसर केसली में एसडीएम राजनंदनी शर्मा द्वारा समिति प्रबंधकों व अधिकारियों के साथ गेंहू उपार्जन 2026 की तैयारियों को लेकर महत्वपूर्ण बैठक ली गई। बैठक में उपार्जन केंद्रों पर किसानों के लिए पेयजल, छाया, और सुगम व्यवस्था सुनिश्चित करने, तथा बारदाने की उपलब्धता व भौतिक सत्यापन करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

### जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक आज

**सागर।** कलेक्टर प्रतिभा पाल की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति सागर की बैठक 16 अप्रैल दिन गुरूवार को समय प्रातः 10:30 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष सागर में आयोजित की जाएगी। बैठक के दौरान जिला स्वास्थ्य समिति, संबंधी विषयो के संबंध में चर्चा की जावेगी।

### प्रगणक एवं पर्यवेक्षकों का प्रशिक्षण प्रारंभ

**सागर।** जनगणना 2027 के प्रथम चरण के दौरान मकान सूचीकरण एवं मकान की गणना का कार्य 1 मई से 30 मई तक मध्य प्रदेश में किया जाना है जिसकी तैयारी के क्रम में प्रगणक एवं पर्यवेक्षक का प्रशिक्षण तहसील बीना ग्रामीण में 15 अप्रैल से 25 अप्रैल के मध्य शासकीय कन्या शाला बीना इटावा में चल रहा है। आज दिनांक 15 अप्रैल को जिले के बीना तहसील के प्रगणक एवं पर्यवेक्षकों का प्रशिक्षण प्रारंभ हो गया है । प्रशिक्षण का शुभारंभ जिला कलेक्टर प्रतिभा पाल के निर्देशन में तहसील बीना में अनुविभागीय अधिकारी रवीश श्रीवास्तव एवं प्रभारी तहसीलदार हेमराज मेहर द्वारा किया गया।

### कलेक्टर ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नरयावली का किया निरीक्षण

**सागर।** कलेक्टर प्रतिभा पाल ने पुलिस अधीक्षक विकास शाहवाल एवं अन्य अधिकारियों के साथ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नरयावली का निरीक्षण किया एवं स्टोर रूम सहित उपस्थिती पंजी, मेडिसिन रिकॉर्ड का अवलोकन भी किया। कलेक्टर प्रतिभा पाल ने आज जिले की नरयावली विधानसभा क्षेत्र के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में मौजूद स्वास्थ्य परीक्षण कर रहे व्यक्तियों से चर्चा की और समक्ष में ही उनकी जांच भी कराई। कलेक्टर श्रीमती पाल ने निरीक्षण के दौरान प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का स्टोर रूम एवं मेडिसिन की स्टॉक पंजी का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्देश दिए की स्वास्थ्य केंद्र में पर्याप्त मात्रा में दवाओं का स्टॉक रहे एवं समय पर स्वास्थ्य केंद्र खोले एवं सभी डॉक्टर, पैरामेडिकल स्टाफ सहित कर्मचारी समय पर उपस्थित होकर स्वास्थ्य केंद्र में अपनी सेवाएं दें। कलेक्टर पाल कहा कि आने वाली दवाओं का भी रजिस्टर संधारित करें जिससे उपलब्धता की जानकारी मिल सके।

**खाद्य, नान, वेयरहाउस विभाग अपने-अपने कार्यों को गंभीरता के साथ करें**

# बारदाने की उपलब्धता व उपार्जन का परिवहन समय पर सुनिश्चित करें: कलेक्टर प्रतिभा पाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

बारदाने की उपलब्धता एवं उपार्जन का परिवहन समय पर सुनिश्चित करे एवं खाद्य, नान, वेयरहाउस विभाग अपने-अपने कार्यों को गंभीरता के साथ करें साथ ही सभी उपार्जन केन्द्रों पर मूलभूत सुविधाएं अनिवार्य रूप से उपलब्ध रहे, उर्वरक का वितरण ई टोकन के माध्यम से ही हो। उक्त निर्देश कलेक्टर प्रतिभा पाल ने जिला उपार्जन समिति की बैठक में संबंधित अधिकारियों को दिए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर अविनाश रावत, जिला आपूर्ति नियंत्रक ज्योति बघेल, रोहित बघेल सहित जिला उपार्जन समिति के सदस्य मौजूद थे।जिले में उपार्जन कार्य की समीक्षा करते हुए कलेक्टर प्रतिभा पाल ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसानों की सुविधा और पारदर्शी प्रक्रिया के लिए उपार्जन केंद्रों की व्यवस्थाओं में किसी भी प्रकार की कमी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी और किसानों की सहूलियत को देखते हुए प्रत्येक केंद्र पर शुद्ध पेयजल,



किसानों को बैठने के लिए छायादार स्थान, प्राथमिक चिकित्सा किट, शौचालय, तकनीकि सामग्री, तौलकांटा, इंटरनेट, बारदाना जैसी समस्त मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए।

कलेक्टर प्रतिभा पाल ने निर्देशित किया है कि जिले के सभी एसडीएम अपने-अपने क्षेत्र के उपार्जन केंद्रों का अनिवार्य रूप निरीक्षण करें। निरीक्षण के दौरान उपार्जन केंद्र की क्षमता, बारदाने की उपलब्धता और तौल कांटों की शुद्धता की बारीकी से जांच की जाए। उन्होंने कहा कि अधिकारी स्वयं मौके पर जाकर यह सुनिश्चित करें कि उपार्जन की प्रक्रिया सुचारू और पारदर्शी तरीके से संचालित हो रही है। उन्होंने निर्देश दिए कि उपार्जन होते ही परिवहन की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जावे। उन्होंने कहा कि बारदाने की उपलब्धता लगातार बनी रहे यह भी सुनिश्चित किया जाए।

जिला उपार्जन समिति के सदस्यों को अधिकारियों द्वारा बताया गया कि सागर जिले में चना के लिए 27793 एवं मसूर के लिए 42063 पंजीयन किए गए हैं जिसका उपार्जन कार्य 70 केन्द्रों पर किया जा रहा है। इसी प्रकार 15 अप्रैल से 31 मई तक होने वाले गेहूं उपार्जन के लिए जिले में 77337 किसान भाइयों द्वारा उपार्जन हेतु पंजियन किया गया है जो की 110 उपार्जन केन्द्रों पर अपनी फसल का विक्रय कर सकेंगे। इसी प्रकार सरसों के लिए 3500 किसान भाइयों ने पंजीयन किया है। कलेक्टर प्रतिभा पाल ने निर्देश दिए कि उर्वरक का वितरण शासकीय एवं निजी केंद्रों से केवल ई—टोकन प्रणाली के माध्यम से ही किया जावे। निजी खाद विक्रेता ई—टोकन के माध्यम से ही खाद का वितरण करें। उन्होंने निर्देश दिए कि अधिकारी लगातार मॉनिटरिंग करेंगे किसी भी स्थिति में ई-टोकन के माध्यम से ही वितरण किया जाए।



### गढ़ाकोटा पुलिस की कार्रवाई: जिला बदर आदेश का उल्लंघन करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**गढ़ाकोटा।** सागर जिले में अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत गढ़ाकोटा पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने जिला बदर आदेश का उल्लंघन करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, पुलिस अधीक्षक विकास साहवाल के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक तथा अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) के मार्गदर्शन में जिले भर में अपराधियों की धरपकड़ के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत गढ़ाकोटा थाना पुलिस सक्रिय रूप से कार्रवाई कर रही है। बताया गया है कि थाना गढ़ाकोटा क्षेत्र के टैगोर वार्ड निवासी दानिश खान (21 वर्ष), पिता इस्लाम खान को जिला दण्डाधिकारी सागर द्वारा 6 माह के लिए सागर जिले एवं उससे लगे आसपास के जिलों की सीमाओं से निष्कासित (जिला बदर) किया गया था। इसके बावजूद आरोपी ने आदेश का उल्लंघन करते हुए प्रतिबंधित अवधि में गढ़ाकोटा क्षेत्र में प्रवेश कर लिया। दिनांक 15 अप्रैल को पुलिस को सूचना मिली कि आरोपी क्षेत्र में घूम रहा है। सूचना के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने आरोपी को पकड़ लिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 223(ए) एवं मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 14 के तहत मामला दर्ज किया है। इसके बाद आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी उपनिरीक्षक शिवम दुबे के नेतृत्व में सउनि संजय मिश्रा, प्रधान आरक्षक राजेश पाण्डे, आरक्षक कौस्तुभ मणि पाठक, प्रमोद सोयाम, खिलान, अमित शुक्ला, राहुल राय एवं संतोष की अहम भूमिका रही। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि जिले में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए इस तरह की कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी।




### विकसित भारत के लिए डॉ. अंबेडकर के विचारों की बड़ी भूमिका: कुलपति प्रो. वाय एस ठाकुर

**सागर।** भारत का समाज अगर चाहे ले, तो भारत को विकसित होने से कोई नहीं रोक सकता हमें अच्छी सोच और इच्छा शक्ति के साथ काम करने की आवश्यकता है. उक्त विचार डॉ हरि सिंह गौर विश्वविद्यालय सागर, डॉक्टर अंबेडकर चेयर के द्वारा आयोजित डॉक्टर बी आर अंबेडकर जी की जयंती के अवसर पर संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कुलपति प्रोफेसर वाय. एस ठाकुर ने व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि डॉक्टर अंबेडकर कठिन परिश्रम के कारण विश्व में अपनी पहचान बनाई। विकसित भारत के लिए डॉक्टर अंबेडकर के विचारों की बड़ी भूमिका रहेगी। कुलसचिव डॉक्टर एस पी उपाध्याय ने कहा कि डॉ आंबेडकर न केवल भारत के लिए परंतु विश्व के लिए आदर्श व्यक्तित्व हमेशा रहेंगे। कार्यक्रम में अतिथि प्रोफेसर रविंद्र ब्रह्मा ने कहा कि डॉ अंबेडकर का दृष्टिकोण आज भी भारत के लिए मार्गदर्शन और प्रकाश के समान है हमें उनके सिद्धांतों समानता, शिक्षा, न्याय और बंधुत्व को अपनाना होगा। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉक्टर शक्ति कुमार ने कहा कि विकसित भारत का आधार हमारी पर प्रति व्यक्ति आय और मानव विकास सूचकांक में सुधार से होगा बाबा साहब ने संविधान के माध्यम से सबके न्याय और आर्थिक विकास के लिए कार्य किया। प्रोफेसर चंदा ने कहा कि सावित्रीबाई फुले ने महिला शिक्षा के लिए काम किया।

## भगवान परशुराम प्राकट्योत्सव की तैयारियों को लेकर हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

भगवान परशुराम जी के प्राकट्य उत्सव को लेकर ब्राह्मण समाज के सभी संगठनों की वृहद बैठक सिविल लाईन स्थित एसवीएन विवि के सिटी आफिस में आयोजित की गई । भगवान परशुराम जी के चित्रपट पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित करके बैठक प्रारंभ हुई । जिसमें पूर्व संध्या पर निकलने वाली वाहन रैली 19 अप्रैल एवं प्राकट्य दिवस पर 20 अप्रैल को निकलने वाले चल समारोह पर सभी ने अपने सुझाव रखे। सर्व ब्राह्मण समाज संगठन के अध्यक्ष पं.रामअवतार पांडे एवं शिवशंकर मिश्रा ने कहा कि वाहन रैली एवं शोभायात्रा में परिवार सहित भागीदारी कर आयोजन को सफल बनायें यही संदेश प्रत्येक उपस्थित जन प्रत्येक विप्र परिवार तक पहुंचाए। समाज सेवी डॉ अनिल तिवारी ने कहा कि प्रत्येक ब्राह्मण की नैतिक जिम्मेदारी है कि हम अपने आराध्य भगवान विष्णु के छठे अवतार के प्रकट उत्सव पर अधिक से अधिक संख्या में भागीदारी कर वाहन रैली एवं शोभायात्रा को अद्वितीय सफल बनाने में अपना अमूल्य योगदान प्रदान करें। पुरोहित पुजारी विद्वत संघ के अध्यक्ष पं.शिवप्रसाद तिवारी ने वाहन रैली के रूट के संबंध में सभी को अवगत कराया। युवा ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष पं.भरत तिवारी ने कहा कि 19 अप्रैल को निकलने वाली वाहन रैली में 1100 टू-व्हीलर एवं फोर-व्हीलर वाहन शामिल होंगे एवं सभी गाड़ियों में केसरिया ध्वजा एवं विप्रजनों को पगड़ी बांधकर वाहन रैली आशीर्वाद होटल कालीचरण चौराहा सिविल लाइन से सायं 4 बजे प्रारंभ होगी। बैठक में आनंद मोहन नायक ने कहा कि 101 टू-व्हीलरों को मैं साथ लेकर आउंगा, अभिषेक पुरोहित, अतुल मिश्रा, दीपक दुबे, रीतेश मिश्रा, अमन गौतम ने भी कहा कि वाहन रैली में अधिक से अधिक वाहनों के साथ शमिल होंगे। मधुर पुरोहित एवं मधु गुरू ने बताया कि भगवान परशुराम जी के प्राकट्योत्सव को लेकर शोभायात्रा की तैयारियां भी जोरों-शोरों से चल रहीं है एवं लोगों को घर-घर जाकर आमंत्रण बांटे जा रहे हैं। इस यात्रा को भव्य एवं दिव्य बनाने के लिए सोशल मीडिया, प्रिंट एवंइलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से घर-घर तक सूचना पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। सभी स्वजातीय बंधु अपने अपने सोशल मीडिया अकाउंट के माध्यम से आमंत्रण शेयर करें एवं अधिक से अधिक लोगों को साथ लेकर कार्यक्रम को गरिमापूर्ण बनाने में सहयोग करें। बैठक में भाजपा प्रदेश सह मीडिया प्रभारी प्रदीप राजौरिया, मीडिया पेनालिस्ट रिशॉक तिवारी, मकरोनिया एल्डरमैन सुधा शर्मा एवं रामेश्वरमधाम की तीर्थयात्रा कर लौटे पं.पुरुषोत्तम मुन्ना चौबे एवं पं.पप्पू तिवारी का समाज संगठन के वरिष्ठजनों ने पुष्प माला पहनाकर शॉल एवं श्रीफल से सम्मान किया।



### सेन समाज ने श्रद्धा व उत्साह के साथ मनाई संत शिरोमणि सेन जी महाराज की जयंती

**गढ़ाकोटा।** नगर के सेन धर्मशाला में संत शिरोमणि श्री सेन जी महाराज की जयंती सेन समाज द्वारा श्रद्धा, सादगी और उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में समाज के लोगों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही और सभी ने अपने आराध्य संत को नमन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अभिषेक भार्गव रहे, जिन्होंने अपने संबोधन में संत श्री सेन जी महाराज के जीवन और उनके आदर्शों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि संत सेन जी महाराज उदारता, सादगी और सेवा भाव के प्रतीक थे, जिनके बताए मार्ग पर चलकर समाज में एकता और सद्भाव को मजबूत किया जा सकता है। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठ एवं युवा सदस्यों ने भी अपने विचार व्यक्त किए और संत श्री सेन जी महाराज के जीवन से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान भजन-कीर्तन और श्रद्धांजलि अर्पण कर संत के प्रति आस्था प्रकट की गई। कार्यक्रम में हरिशंकर सेन, गोरेलाल सेन, नितिन सेन, टीकाराम सेन, संतोष सेन, लखन सेन, पतिराम सेन, कैलाश सेन, ललित सेन, भगवानदास सेन, अशोक सेन, लोकेश सेन, गजेन्द्र सेन, विजय सेन, सरमन सेन, कमलेश सेन, राकेश सेन और हरगोविंद सेन सहित समाज के अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे। अंत में सभी ने संत श्री सेन जी महाराज के बताए मार्ग पर चलने और समाज में आपसी भाईचारा बनाए रखने का संकल्प लिया। कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

**शिक्षक की भूमिका महत्वपूर्ण, विद्यार्थियों के व्यक्तित्व और भविष्य निर्माण के शिक्षक दिग्दर्शक**

# ज्ञान की पूंजी, कभी व्यर्थ नहीं जाती, आपकी पृष्ठभूमि नहीं आपके संकल्प गढ़ते हैं आपका भविष्य: कलेक्टर प्रतिभा पाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

ज्ञान की पूंजी, कभी व्यर्थ नहीं जाती आपकी पृष्ठभूमि नहीं, आपके संकल्प गढ़ते हैं आपका भविष्य, शिक्षक की भूमिका महत्वपूर्ण, विद्यार्थियों के व्यक्तित्व और भविष्य निर्माण के शिक्षक दिग्दर्शक होते हैं। उक्त विचार कलेक्टर प्रतिभा पाल ने माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल की कक्षा दसवीं एवं बारहवीं के परीक्षा परिणाम के उपरांत सागर जिले में प्रवीण सूची वाले विद्यार्थियों से संवाद करते हुए उनका सम्मान करते हुए व्यक्त किये। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विवेक के वी, जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद जैन, सहायक परियोजना अधिकारी संजय चौरसिया, सुधीर तिवारी सहित अन्य अधिकारी एवं मेधावी छात्र-छात्राएं एवं उनके परिजन मौजूद थे।

कलेक्टर प्रतिभा पाल ने प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान करते हुए कहा कि आज सागर आपके परिश्रम से गौरवान्वित है। सागर में एक नहीं बल्कि 21 छात्र-छात्राओं ने मध्य प्रदेश की विभिन्न सूची में अपनी जगह बनाई है और अपने विद्यालय एवं अपने जिले का नाम रोशन किया है। कलेक्टर प्रतिभा पाल ने कहा कि आप सभी अपने लक्ष्य निर्धारित करें और आगे बढ़ें। उन्होंने कहा कि जो विद्यार्थी कक्षा दसवीं में पास हुए हैं, वे अपने विषय का चयन करते हुए अपने लक्ष्य को निर्धारित करें और जो कक्षा 12वीं में पास हुए हैं, वे उच्च शिक्षा के लिए लक्ष्य निर्धारित कर अपने संकल्प को प्राप्त करें। उन्होंने कहा कि सिविल सर्विस की तैयारी के लिए एनसीईआरटी की



पुस्तक ही काम आती है, इसके लिए सभी एनसीईआरटी की किताबों का अध्ययन करें और आगे बढ़ें। कलेक्टर प्रतिभा पाल ने कहा कि विद्यालय की शिक्षा, प्राचार्य आपके सर्वांगीण विकास एवं व्यक्तित्व के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। सभी विद्यार्थियों को अपना 200% देकर उनके भविष्य को उज्ज्वल बनाएं। सभी प्रतिभावान छात्राओं ने कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं।

माध्यमिक शिक्षा मण्डल, भोपाल द्वारा आज वर्ष 2026 की हाईस्कूल (कक्षा 10वीं) एवं हायर सेकेंडरी (कक्षा 12वीं) परीक्षाओं के परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। प्रदेश स्तर पर जारी इन परिणामों में सागर जिले के विद्यार्थियों ने शानदार सफलता अर्जित की है। जिले में हाईस्कूल (10वीं) के 78.57 प्रतिशत एवं हायर सेकेंडरी (12वीं) के 80.19 प्रतिशत विद्यार्थियों ने परीक्षा में सफलता प्राप्त की है।

कलेक्टर प्रतिभा पाल ने इस अवसर पर सफल विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। असफल रहे विद्यार्थियों के लिए उन्होंने संदेश दिया है कि वे निराश न हों, माध्यमिक शिक्षा मण्डल भोपाल द्वारा आयोजित द्वितीय अवसर परीक्षा में शामिल होकर पुनः प्रयास कर अपना परीक्षा परिणाम सुधारें एवं सफलता प्राप्त करें।

इस वर्ष किसी भी छात्र का परीक्षाफल पूरक घोषित नहीं किया गया है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप इस वर्ष से पूरक परीक्षा के स्थान पर द्वितीय अवसर परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। मुख्य परीक्षा में अनुत्तीर्ण, अनुपस्थित या ऐसे विद्यार्थी जो उत्तीर्ण हैं, परंतु अपने अंकों में सुधार चाहते हैं, वे दिनांक 07.05.2026 से आयोजित होने वाली द्वितीय अवसर परीक्षा में सम्मिलित हो सकते हैं। मंडल की हेल्पलाइन सेवा के माध्यम से परीक्षार्थी किसी भी प्रकार की अकादमिक अथवा मनोवैज्ञानिक काउंसलिंग सेवा प्राप्त कर सकते हैं। इस हेतु टोल फ्री नंबर 18002330175 पर संपर्क कर सकते हैं।

### दसवीं में टॉप टेन में सागर के छात्र-छात्राएं

सुप्रिया जैन/ पिता सुमित जैन सरस्वती शिशु मंदिर रहली 493 अंक, महिमा प्रजापति/ पिता दीपचंद प्रजापति हाईस्कूल पथरिया, जगन सागर 493 अंक, प्रियांशी शुक्ला/ पिता प्रदीप शुक्ला सरस्वती शिशु मंदिर जैसीनगर 492 अंक, ओमकांत लोधी/ पिता देवेंद्र लोधी एसपी मेमोरियल कॉन्वेंट स्कूल पिपरिया 492 अंक, अंकित साहू/ पिता रामकुमार सरस्वती शिशु मंदिर देवरी 491 अंक, रवींद्र पटेल/ पिता खुशी लाल पटेल हाईस्कूल ईसुरवारा नरयावली 491 अंक, हिमांशी यादव/ वीरेंद्र यादव एसपी जैन गुरुकुल खुरई 491 अंक, गीत पटेल/ पिता कमलेश पटेल साबूलाल स्कूल गढ़ाकोटा 491 अंक, रविकांत पटेल/ पिता माखनलाल पटेल सरस्वती शिशु मंदिर बंडा 490 अंक, श्रद्धा शुक्ला/ पिता सतीष कुमार शुक्ला सरस्वती शिशु मंदिर गढ़ाकोटा 490 अंक, चांदनी दांगी/ पिता भूपेंद्र सिंह दांगी शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला खिमलासा 490 अंक, लक्ष्मी यादव/ राम सिंह यादव हाईस्कूल बीकोर कला मालथोन 490 अंक, कुमकुम लोधी/ रमन सिंह लोधी एसपी जैन गुरुकुल खुरई 490 अंक, प्राप्ति जैन/ रजनीश जैन बालक येशु विद्या सदर, सागर 490 अंक, आदर्श घोषी/ पिता मनोज घोषी हाईस्कूल रहली 490 अंक।



### डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की 135वीं जन्म जयंती बड़े ही हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाई गई

**गढाकोटा।** सागर जिले के गढ़ाकोटा में डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की 135वीं जन्म जयंती बड़े ही हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर नगर में भव्य कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु,समाजसेवी एवं आम नागरिक शामिल हुए। इस अवसर पर भाजपा नेता अभिषेक भार्गव एवं नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज तिवारी मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरुआत शोभायात्रा के साथ हुई, जिसमें आकर्षक झांकियां सजाई गई थीं। शोभायात्रा में डीजे और बाजे-गाजे के साथ लोग नाचते-गाते हुए बाबा साहब के जयकारे लगा रहे थे। यह शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होकर निकली। यात्रा बस स्टैंड से प्रारंभ होकर टाकीज चौराहा, अस्पताल चौराहा,बजाजी के मैदान होते हुए लालपुरा सहित नगर के विभिन्न मार्गों से गुजरती हुई आगे बढ़ी। पूरे मार्ग में जगह-जगह लोगों ने शोभायात्रा का स्वागत किया और पुष्पवर्षा कर बाबा साहब को नमन किया। यात्रा के दौरान युवाओं और बच्चों में विशेष उत्साह देखने को मिला। झांकियों के माध्यम से बाबा साहब के जीवन,संघर्ष और उनके द्वारा किए गए सामाजिक कार्यों को दर्शाया गया। अंत में शोभायात्रा डॉ.अंबेडकर की प्रतिमा स्थल पर पहुंची,जहां श्रद्धालुओं ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद कार्यक्रम का समापन रविदास धर्मशाला में किया गया, जहां विचार गोष्ठी का आयोजन हुआ। वक्ताओं ने बाबा साहब के विचारों और उनके योगदान पर प्रकाश डाला तथा उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर नगर के गणमान्य नागरिक, सामाजिक कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे। पूरे आयोजन ने नगर में सामाजिक एकता और उत्साह का संदेश दिया।

इन्फ्लुएंसर की दबाव बनाने की स्क्रिप्ट फेल, जमीनी विवाद को बनाया जा रहा था इमोशनल केस

# हैलो गाइज से हकीकत तक, दिगौड़ा थाने के वीडियो का सच आया सामने

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

सोशल मीडिया के इस वर्तमान दौर में हैलो गाइज से शुरू होने वाली दिखने वाली कहानियाँ भी कभी कभी हकीकत से कोसों दूर निकल जाती है। इसी सोशल मीडिया की चकाचौंध में रच वसकर रची गई एक कहानी दिगौड़ा थाना क्षेत्र में उस समय धराशायी हो गई, जब वायरल वीडियो की परत दर परत सच्चाई सामने आई। हेलो गाइज से शुरू हुआ यह वीडियो पहले तो पुलिस को कठघरे में खड़ा करता नजर आया, लेकिन हकीकत की रोशनी पड़ते ही उक्त मामला पुलिस पर डाले जा रहे एक सुनियोजित दबाव की कोशिश करता हुआ साबित हुआ। प्रथम दृष्टया उक्त वीडियो ने यह आभास कराया कि एक युवती और उसका परिवार अन्याय का शिकार हुआ है। भावनात्मक अंदाज में पेश किए गए इस वीडियो ने सोशल मीडिया पर सहानुभूति भी बटोरी, लेकिन हकीकत इससे बिल्कुल उलट निकली।

### हैलो गाइज से शुरू हुआ इमोशनल नैरेटिव सेट का प्रयास

वीडियो की शुरुआत हेलो गाइज से हुई, जिसमें सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर युवती ने खुद को पीड़ित बताते हुए पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए। जिसमें बताया गया कि युवती के पिता बच्चुलाल को पुलिस प्रताड़ति कर रही है और दूसरे पक्ष आशीष व बाबूलाल को आरोपी बताया गया। यह प्रस्तुति इतनी प्रभावी थी कि लोगों ने बिना जांच के ही सहानुभूति जतानी शुरू कर दी। और बच्चूलाल अहिरवार के परिवार को पीड़ति समझने लगे।

### पहले वीडियो को माना हकीकत, अगले ही पल हकीकत से हुआ सामना



प्रत्यक्षदर्शियों व ग्रामीणों के बताये अनुसार उक्त पूरा विवाद ग्राम बम्होरी में खेत की मेड़ और पेड़ काटने को लेकर जमीनी विवाद का था। जिसमें आशीष और बाबूलाल अहिरवार अपने खेत की मेड़ पर लगे पेड़ काट रहे थे, जिस पर पड़ोसी बच्चूलाल अहिरवार से उनका विवाद हो गया। मामला बढ़ा तो एक पक्ष आशीष व बाबूलाल ने डायल पुलिस को सूचना दे दी और डायल पुलिस के साथ शिकायत दर्ज कराने दिगौड़ा थाने पहले पहुंच गया। इसी बीच दूसरा पक्ष बच्चूलाल अपनी पत्नी और बेटी के साथ थाने पहुंचा, जहां घटनाक्रम ने नाटकीय मोड़ ले लिया। बच्चूलाल की बेटी, जो स्वयं को सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर बताती है, ने जब देखा कि पहले थाने पहुंचने पर आशीष व बाबूलाल की रिपोर्ट पहले लिखी जा रही है। जिसको लेकर बच्चूलाल पक्ष ने सोचा कि उसका केस कमजोर हो जाएगा, तब बच्चूलाल की सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर बेटी ने हेलो गाइज कहते हुए वीडियो बनाना शुरू कर दिया। जिसका उद्देश्य पुलिस पर दबाव बनाना और मामले को एकतरफा मोड़ देना था। स्थानीय लोगों के अनुसार, सोशल मीडिया की समझ और प्रभाव का उपयोग करते हुए वीडियो को इस तरह प्रस्तुत किया गया कि वह पीड़ित पक्ष प्रतीत हो, जबकि वास्तविकता केवल एक सामान्य ग्रामीण जमीनी विवाद की थी।

### जमीनी हकीकत में निकला मेड़ व पेड़ विवाद और इन्फ्लुएंसर टैग का प्रेशर टूल

जब स्थानीय लोगो से पूंछताछ कर हकीकत का पता लगाया गया तो सामने आया कि उक्त मामला केवल खेत की मेड़ और पेड़ काटने को लेकर था। और इसमें स्वयं की रिपोर्ट पहले लिखवाने की नीयत के चलते इसे बढ़ा चढ़ाकर पेश कर एकतरफा माहौल बनाने की कोशिश की गई। इन्फ्लुएंसर टैग का प्रेशर टूल बनते हुये युवती द्वारा सोशल मीडिया का लाभ उठाते हुए वीडियो को इस तरह प्रस्तुत किया गया, जिससे पुलिस पर मनोवैज्ञानिक दबाव बनाया जा सके।

### मामले की संवेदनशीलता को समझ पुलिस ने की संतुलित कार्रवाई

वीडियो बनने के बाद भी हालांकि दिगौड़ा थाना पुलिस ने संतुलन और गंभीरता का परिचय देते हुए बिना किसी दबाव में आए पहले मामले की हकीकत पता की और फिर दोनों पक्षों पर शांति भंग करने का प्रकरण दर्ज करते हुये जाँच शुरू कर दी है। लेकिन उक्त पूरा घटनाक्रम एक गंभीर सवाल खड़ा करता है कि क्या सोशल मीडिया अब सच को प्रभावित करने का नया हथियार बनता जा रहा है? जिले के दिगौड़ा थाने का यह मामला केवल एक विवाद नहीं, बल्कि सोशल मीडिया के बढ़ते प्रभाव और उसके संभावित दुरुपयोग का आईना दिखाता हुआ माध्यम है, जहां एक पक्ष वीडियो बनाकर सोशल मीडिया का दुरूपयोग कर हकीकत को बदलने की कोशिश करता है, लेकिन अंततः सच ही सामने आता है।

**जांच की जा रही है...**

दोनों पक्षों का जमीनी विवाद था जिसमें आशीष व बाबूलाल अहिरवार पहले शिकायत दर्ज कराने आया। जब उसकी शिकायत शुरू जा रही थी तभी दूसरा पक्ष बच्चूलाल भी अपने परिजनों समेत आ गया और वीडियो बनाने लगा। दोनों पक्षों पर मामला दर्ज कर जांच की जा रही है।

**मनीष मिश्रा**, थाना प्रभारी दिगौड़ा

शिक्षा का दीप जला रही पुलिस को देख भवविभोर हुए न्यायाधीश

# डंडे से आगे बढ़कर ज्ञान की दिशा में पुलिस ने युवाओं को थमाई कलम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

आमतौर पर जनता के मन में पुलिस की पहचान सख्ती, अनुशासन और कानून व्यवस्था से जुड़ी हुई रहती है, लेकिन यही कड़क अंदाज वर्दी जब शिक्षा और संवेदनाओं की राह पर कदम बढ़ाती है, तो एक नई तस्वीर उभरकर सामने आती है। ऐसा ही दृश्य उस समय देखने को मिला, जब पुलिस द्वारा संचालित दिशा लर्निंग सेंटर का भ्रमण कर मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय जबलपुर के मुख्य न्यायाधीश संजीव सचदेवा भावविभोर हो उठे।

पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के अनुरोध पर 14 अप्रैल को मुख्य न्यायाधीश ने पुलिस लाइन परिसर स्थित इस लर्निंग सेंटर का अवलोकन किया। शांत, अनुशासित और प्रेरक वातावरण में अध्ययनरत




विद्यार्थियों को देखकर उन्होंने न केवल संतोष व्यक्त किया, बल्कि इस पहल को समाज के लिए एक प्रेरणादायक उदाहरण भी बताया। भ्रमण के दौरान मुख्य न्यायाधीश ने विद्यार्थियों से सौहार्दपूर्ण संवाद कर उन्हें प्रतियोगी परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रयास युवाओं को सही दिशा देने के साथ-साथ उनके भविष्य को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। पुलिस अधीक्षक मंडलोई ने जानकारी देते हुए बताया कि दिशा लर्निंग सेंटर में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों को निःशुल्क पुस्तकें, समाचार पत्र, पत्रिकाएं, वाई-फाई सुविधा और नियमित मार्गदर्शन सत्र उपलब्ध कराए जाते हैं। साथ ही वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा समय समय पर विद्यार्थियों का मार्गदर्शन और उत्साहवर्धन भी किया जाता है।

इस पहल के परिणाम भी उत्साहजनक रहे हैं। पिछले सत्र से अब तक 70 से अधिक विद्यार्थियों का चयन एमपी पुलिस, एसएससी, व्यापम सहित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में हुआ है, जो इस प्रयास की सफलता का प्रमाण है। मुख्य न्यायाधीश सचदेवा ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि यह न केवल शिक्षा के क्षेत्र में एक अभिनव कदम है, बल्कि पुलिस की जनसेवी और प्रगतिशील छवि को भी मजबूत करता है।

## किन्नरों पर धर्म परिवर्तन का दबाव, शिकायत कराई दर्ज



**टीकमगढ़।** अभी जमालुद्दीन काजी का मामला थमा नहीं था कि अब एक और मामला सामने आ गया है। जिले में एक के बाद एक सामने आ रहे विवादित मामलों के बीच अब किन्नर समाज से जुड़ा एक गंभीर मामला सामने आया है, जिसने शहर में हलचल मचा दी है। आरोप है कि कुछ मुस्लिम युवकों के एक समूह द्वारा किन्नरों पर दबाव बनाते हुए उन्हें धर्म परिवर्तन के लिए मजबूर करने और धमकाने की कोशिश की जा रही है। किन्नर बबली ने कोतवाली थाना पहुंचकर इस संबंध में शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि वे पिछले लगभग 30 वर्षों से टीकमगढ़ में रहकर पारंपरिक रूप से नाच गाकर अपना जीवन यापन कर रही हैं। उनकी गुरु स्वर्गीय केशरबाई द्वारा वसीयत में उन्हें संपत्ति का वारिस भी घोषित किया गया था। शिकायत में बबली किन्नर ने आरोप लगाया है कि शहर के कुछ मुस्लिम युवकों ने एक गिरोह बनाकर उनके क्षेत्राधिकार में दखल देना शुरू कर दिया है। आरोप यह भी है कि यह समूह कथित तौर पर अन्य लोगों के माध्यम से किन्नर बनकर आम जनता से पैसे वसूलने का काम कर रहा है। सबसे गंभीर आरोप तो यह है कि बबली किन्नर और उनके साथियों पर उक्त सक्रिय गैंग द्वारा कथित रूप से धर्म परिवर्तन का दबाव बनाया जा रहा है और मना करने पर जान से मारने की धमकी दी जा रही है। इस घटना से किन्नर समाज में भय और आक्रोश का माहौल बना हुआ है। बबली किन्नर का कहना है कि इस संबंध में पूर्व में भी पुलिस अधिकारियों को शिकायत दी जा चुकी है, जिस पर संबंधित लोगों ने हस्तक्षेप न करने का आश्वासन दिया था। इसके बावजूद अब फिर से कथित तौर पर दबाव और धमकियों का दौर शुरू हो गया है। कोतवाली थाना प्रभारी रवि भूषण पाठक को सौंपे गए ज्ञापन में किन्नर समाज ने अपनी जान माल की सुरक्षा की गुहार लगाते हुए आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। फिलहाल पुलिस ने शिकायत प्राप्त कर उक्त मामले की जांच शुरू कर दी है।

# कम पेट्रोल, ज्यादा वसूली, विरोध किया तो मोबाइल छीनने की कोशिश, वीडियो वायरल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

वैश्विक स्तर पर पल पल बदलते हालातों के चलते जिले में पेट्रोल के बढ़ते दामों ने पहले ही आम आदमी की कमर तोड़ रखी है, लेकिन अब हालात इस कदर बिगड़ चुके हैं कि पेट्रोल पंपों पर खुलेआम लूट का खेल चल रहा है और जिम्मेदार अधिकारी मूक बने हैं। बल्देवगढ़ तहसील के भेलसी मार्ग स्थित खुड़न तिगेला के पास स्थित एक पेट्रोल पंप पर ग्राहक के साथ हुई कथित ठगी ने पूरे सिस्टम पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

आरोप है कि ग्राहक को पेट्रोल कम दिया गया, जबकि उससे राशि अधिक वसूली गई। मामला तब उजागर हुआ जब ग्राहक ने पर्ची मांगी। जिसमें दर्ज रकम और वसूल की गई रकम में 150 रूपये का अंतर सामने आया। यहीं से शुरू हुआ हंगामा, जिसने पेट्रोल पंप की हकीकत को बेनकाब कर दिया। हालांकि हरिभूमि समाचार पत्र इस वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता। ये वीडियो जांच का विषय है।

स्थानीय लोगों द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार बल्देवगढ़ तहसील अंतर्गत भेलसी रोड पर खुड़न तिगेला के समीप स्थित पेट्रोल पंप पर एक व्यक्ति ने अपने वाहन में 450 रुपये का पेट्रोल डलवाया था, लेकिन जब रसीद मांगी तो उसे केवल 300 रुपये की पर्ची दी गई। पंप कर्मियों द्वारा की गई 150 रुपये की इस गड़बड़ी को देखकर ग्राहक भड़क उठा और मौके पर ही वीडियो बनाना शुरू कर दिया। वीडियो बनते ही पंप कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। पहले तो उन्होंने मामले को दबाने की कोशिश की, लेकिन जब ग्राहक नहीं माना तो कथित तौर पर उसे धमकाया गया। हद तो तब हो गई जब कर्मचारियों ने उसका मोबाइल छीनने तक की कोशिश कर डाली। इस पूरे घटनाक्रम का वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिससे क्षेत्र व जिले में आक्रोश का माहौल बनता जा रहा है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि यह कोई पहली घटना नहीं है, बल्कि लंबे समय से इस तरह की



शिकायतें सामने आती रही हैं, लेकिन जिम्मेदार विभाग अधिकारियों की चुप्पी ने ऐसे कारनामों को बढ़ावा दिया है। यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो जनता का आक्रोश और भड़क सकता है। सवाल यही है कि क्या प्रशासन तब जागेगा, जब हालात हाथ से निकल जाएंगे? जिले के बल्देवगढ़ क्षेत्र में स्थित पेट्रोल पंप से सामने आई यह घटना सिर्फ एक ग्राहक के साथ हुई ठगी नहीं, बल्कि उस लापरवाही का प्रतीक है, जहां प्रशासनिक व्यवस्था की चुप्पी ही ऐसी लूट को बढ़ावा दे रही है।

**इनका कहना है...**

वायरल वीडियो मैंने भी देखा है। मैंने निर्देश दे दिए हैं। इस वीडियो के आधार पर जांच कर कार्यवाही की जाएगी।

**अनिल गुप्ता, तहसीलदार बल्देवगढ़**



## कलेक्टर का छापा, अस्पताल में अचानक दौरे से मचा हड़कंप

**पलेरा।** सोशल मीडिया पर लगातार सामने आ रही शिकायतों ने आखिरकार प्रशासन को मौके पर उतरने को मजबूर कर दिया। पलेरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में अव्यवस्थाओं और लापरवाही के आरोपों के बीच कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने बुधवार को औचक निरीक्षण कर अस्पताल प्रशासन की हकीकत परख ली। कलेक्टर श्रोत्रिय के अचानक पहुंचते ही अस्पताल परिसर में अफरा तफरी का माहौल बन गया। ओपीडी से लेकर वार्ड तक हर जगह हलचल मच गई। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्रोत्रिय ने केवल कागजों पर भरोसा नहीं किया, बल्कि सीधे मरीजों से संवाद कर इलाज की गुणवत्ता, डॉक्टरों के व्यवहार और व्यवस्थाओं की असल तस्वीर जानी। मरीजों से मिली प्रतिक्रिया और मौके पर दिखी अव्यवस्थाओं ने कलेक्टर को नाराज कर दिया। उन्होंने ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉ अजय गुप्ता को फटकार लगाते हुए स्पष्ट कहा कि मरीजों के इलाज में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। हाल ही में अस्पताल अव्यवस्थाओ से जुड़े कई वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुए थे, जिनमें इलाज में लापरवाही और बाहर की दवाइयां लिखे जाने जैसे गंभीर आरोप लगाए गए थे। इन आरोपों ने प्रशासन को कठघरे में खड़ा कर दिया था, जिसके बाद कलेक्टर श्रोत्रिय ने बिना देरी किए सीधे निरीक्षण का रास्ता चुना। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्रोत्रिय ने साफ सफाई की व्यवस्था दुरुस्त करने, दवाइयों की उपलब्धता सुनिश्चित करने और मरीजों को समय पर उपचार देने के सख्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सरकारी अस्पताल आमजन के भरोसे का केंद्र हैं और यहां पारदर्शिता व गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं होगा। निरिक्षण के दौरान वार्डों में अव्यवस्था, मरीजों की शिकायतें सामने आईं। सोशल मीडिया पर पूर्व में वायरल हुए वीडियो में इलाज में लापरवाही और बाहर की दवाइयां लिखने के आरोप सामने आए थे, जिसके बाद प्रशासन हरकत में आया। कलेक्टर श्रोत्रिय ने सख्त संदेश देते हुये कहा कि मरीजों को समय पर और बेहतर उपचार मिलना चाहिए, लापरवाही किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।


कलेक्टर ने सोशल मीडिया पोस्ट के माध्यम से बधाई दी

# जिले का टैलेंट टॉप पर, मैरिट सूची में दिखा शानदार प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

परिश्रम की तपिश जब सपनों से मिलती है, तो सफलता का सूरज कुछ यूं ही चमकता है। मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा घोषित 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षा परिणामों में टीकमगढ़ जिले के होनहार विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का परचम लहराया है। खास बात यह रही कि इस बार भी छात्राओं ने अपने शानदार प्रदर्शन से बाजी मारते हुए यह साबित कर दिया कि वे हर मोर्चे पर आगे हैं।

शासकीय एक्सीलेंस स्कूल क्रमांक 1 के विद्यार्थियों ने प्रदेश की मैरिट सूची में स्थान बनाकर जिले का मान बढ़ाया है। विद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुनील श्रीवास्तव ने जानकारी देते हुए बताया कि 10वीं कक्षा में चार छात्रों ने टॉप 10 मेरिट में जगह बनाई है। जिसमें अंशिका अहिरवार



ने 494 अंक अर्जित कर प्रदेश में छठवां स्थान हासिल किया, जबकि कामना साहू ने 493 अंकों के साथ सातवां, देव शर्मा ने 492 अंकों के साथ आठवां और नैंसी कुम्हार ने 491 अंकों के साथ नौवां स्थान प्राप्त किया। वहीं 12वीं कक्षा में भी विद्यालय का प्रदर्शन उत्कृष्ट रहा। जीव विज्ञान समूह में कु दीक्षा लोधी ने 485 अंकों के साथ सातवां स्थान प्राप्त किया, जबकि अनुरुद्ध यादव ने 483 अंकों के साथ नौवीं रैंक हासिल कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। जिले के अन्य विद्यालयों के विद्यार्थियों ने भी अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। कला संकाय में गौरी शुक्ला ने 480 अंक प्राप्त कर प्रदेश में दसवां स्थान हासिल किया, जबकि विज्ञान गणित समूह में शास. गर्ल्स हायर सेकंडरी स्कूल खरगापुर की छात्रा निधि लोधी ने 484 अंकों के साथ नौवां स्थान प्राप्त किया। इस वर्ष भी छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर यह सिद्ध कर दिया कि वे शिक्षा के हर क्षेत्र में अग्रणी हैं। नाम रोशन करने बाले विद्यार्थियों ने सफलता का सूत्र बताते हुये कहा कि कड़ी मेहनत, अनुशासन, नियमित अध्ययन और शिक्षकों का मार्गदर्शन ही वह मंत्र है जिसने सफलता की ऊंचाइयों तक पहुंचाया है।

### निरंतर प्रयासों का नतीजा, अगले वर्ष और भी बेहतर होगा प्रदर्शन : कलेक्टर

कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने सोशल मीडिया पर जानकारी साझा करते हुए बताया कि इस वर्ष हाईस्कूल का परीक्षा परिणाम 66.08 प्रतिशत तथा हायर सेकेंडरी का परिणाम 68.02 प्रतिशत रहा है। खास बात यह रही कि यह आंकड़े पिछले वर्ष की तुलना में क्रमशः 4.75 प्रतिशत और 3.7 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाते हैं। जो जिले के शैक्षणिक प्रयासों की मजबूती का प्रमाण है। और यह प्रमाण सिर्फ परिणाम प्रतिशत में ही नहीं, बल्कि प्रदेश की प्रावीण्य सूची में भी टीकमगढ़ के विद्यार्थियों द्वारा अपना परचम लहराने के रूप में सामने आया है।हाईस्कूल में 9 विद्यार्थियों जिनमे 6 छात्राएं और 3 छात्र एबं हायर सेकेंडरी में 4 विद्यार्थियों जिनमे 3 छात्राएं व 1 छात्र ने मेरिट में स्थान प्राप्त कर जिले का गौरव बढ़ाया है। कलेक्टर श्रोत्रिय ने इस उपलब्धि के लिए जिला शिक्षा अधिकारी, प्राचार्यों, शिक्षकों, विद्यार्थियों और अभिभावकों को बधाई देते हुए इसे सामूहिक प्रयास और अनुशासन का परिणाम बताया। साथ ही उन्होंने उन विद्यार्थियों का भी हौसला बढ़ाया, जिनका परिणाम अपेक्षा के अनुरूप नहीं रहा। उन्होंने इस वार चूक गये छात्रों को भी प्रेरक संदेश दिया कि निराश होने की आवश्यकता नहीं है, क्योंकि जीवन में सफलता के अनेक अवसर मिलते हैं। आत्मविश्वास और निरंतर प्रयास से आने वाला समय निश्चित ही बेहतर होगा। कलेक्टर ने भरोसा जताया कि अगले वर्ष जिले का परिणाम और भी उत्कृष्ट होगा।

पलेरा में राजस्व शिविर में समस्याओं का मौके पर किया गया निपटारा

# कलेक्टर की पहल बनी राहत, वर्षों पुराने 202 मामलों का हुआ अंत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

सरकारी दफ्तरों की फाइलों में सालों से धूल खा रहे मामलों को जब मौके पर ही न्याय मिलने लगे, तो यह प्रशासन की कार्यशैली में बदलाव का संकेत होता है। टीकमगढ़ जिले में कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय द्वारा जिले में शुरू किये गये चलते फिरते न्यायालय रूपी अभिनव पहल ने ऐसा ही एक उदाहरण पेश किया है, जहां पलेरा तहसील में आयोजित विशेष राजस्व शिविर में एक ही दिन में 202 प्रकरणों का त्वरित निराकरण कर दिया गया।

वर्षों से लंबित राजस्व अभिलेख सुधार के मामलों को लेकर परेशान ग्रामीणों के लिए यह शिविर किसी राहत शिविर से कम नहीं रहा। खास बात यह रही कि कलेक्टर श्रोत्रिय स्वयं मौके पर मौजूद रहे और उनके साथ एसडीएम संजय द्विवेदी एवं पलेरा तहसीलदार कुलदीप सिंह समेत तहसील स्तर के अन्य अधिकारी व पूरी प्रशासनिक टीम ने एक ही छत के नीचे अदालत लगाकर समस्याओं का समाधान किया। उक्त शिविर में न केवल पुराने लंबित मामलों का निपटारा किया गया, बल्कि मौके पर आए नए आवेदनों का भी तत्काल समाधान किया



गया, जिससे लोगों को बार बार दफ्तरों के चक्कर नहीं लगाने पड़े। पलेरा तहसील में आयोजित शिविर में राजस्व अभिलेख सुधार मामलो में खसरे में नाम की त्रुटियां मौके पर सुधारी गईं, हिस्साकसी भूमि बंटवारा के विवाद हल किए गए, पेंशन रुकने की समस्या बैंक खाता सुधार कर दूर की गई, राशन पर्ची में नाम जोड़ने जैसे मामलों का तुरंत समाधान किया गया। कलेक्टर श्रोत्रिय द्वारा जिले की विभिन्न तहसीलों मोहनगढ़, दिगौड़ा, लिधौरा, टीकमगढ़, बल्देवगढ़ और पलेरा में आयोजित शिविरों के माध्यम से अब तक 774 लंबित प्रकरणों का निराकरण किया जा चुका है। कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने स्पष्ट किया कि जिले के सभी लंबित राजस्व प्रकरणों का पूर्ण निराकरण ही लक्ष्य है, ताकि भविष्य में ग्रामीणों को अनावश्यक भागदौड़ से मुक्ति मिल सके।

पुलिस का हरित स्पर्श देखने कलेक्टर एसपी संग मुख्य न्यायाधीश पहुंचे मां की बगिया में

# सख्त वर्दी की कोमल संवेदनाएं देख जज रह गए चकित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

आमतौर पर अपने सख्त अंदाज और कड़क अनुशासन व प्रशासनिक छवि के लिए पहचाने जाने वाले पुलिस अधिकारी जब प्रकृति के सान्निध्य में संवेदनाओं का हरित संसार रचते नजर आए, तो यह दृश्य स्वयं में चौंकाने वाला बन जाता है। क्योंकि कभी कभी कर्तव्य की कठोर वर्दी के पीछे संवेदनाओं का एक ऐसा हरित संसार पनपता है, जो देखने वाले को अचंभित कर देता है।

यही वजह रही कि मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय जबलपुर के मुख्य न्यायाधीश संजीव सचदेवा भी मां की बगिया की हरियाली और उसमें समाहित भावनात्मक पहल को देखकर अवाक रह गए। एक अद्भुत और अल्हदा दृश्य उस समय सामने आया, जब मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय जबलपुर के मुख्य न्यायाधीश संजीव सचदेवा टीकमगढ़ प्रवास पर पहुंचे। और उन्हें पुलिस लाइन



परिसर में विकसित माँ की बगिया से रूबरू कराया गया। माँ की बगिया एक ऐसा उपवन है जो केवल पौधों का समूह नहीं, बल्कि पर्यावरण के प्रति सख्त पुलिस की कोमल संवेदनशीलता का जीवंत उदाहरण है। जिसका निरीक्षण करने हर बो अधिकारी व राजनेता जरूर जाते है जो टीकमगढ़ प्रवास पर आते है।

जैसे ही मुख्य न्यायाधीश ने इस हरित आंगन में कदम रखा, उनकी दृष्टि हजारों पौधों से सजी उस बगिया पर ठहर गई। वृक्षों की हरियाली, सुव्यवस्थित उद्यान और नवाचारों की सुगंध ने उन्हें क्षणभर के लिए ठिठका दिया। उन्होंने स्वयं वृक्षारोपण कर इस पहल को नमन किया और इसकी मुक्त कंठ से सराहना की।

मुख्य न्यायाधीश सचदेवा ने कहा कि वृक्ष केवल जीवन का आधार नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य की नींव हैं। उन्होंने प्रत्येक नागरिक से एक वृक्ष लगाने और उसके संरक्षण का संकल्प लेने का आह्वान किया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक मंडलोई ने माँ की बगिया की अवधारणा और इसके पीछे की प्रेरणा से अवगत कराते हुए बताया कि पुलिस लाइन में 10 हजार से अधिक पौधों का रोपण कर एक सघन हरित क्षेत्र विकसित किया गया है। साथ ही सिंचाई के लिए शहर के अपशिष्ट जल को शुद्ध कर उपयोग में लाने की अभिनव व्यवस्था भी स्थापित की गई है, जो इस पहल को और भी विशिष्ट बनाती है।

इस अनूठे प्रयास को देखकर मुख्य न्यायाधीश भी आश्चर्यचकित रह गए और उन्होंने इसे पुलिस विभाग की पर्यावरण के प्रति जागरूकता और सामाजिक जिम्मेदारी का प्रेरणादायक उदाहरण बताया। उक्त कार्यक्रम में जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रवीणा व्यास, कलेक्टर विवेक श्रोतिय सहित न्यायपालिका और प्रशासन के अनेक अधिकारी उपस्थित रहे। अंत में सभी ने हरित टीकमगढ़, स्वच्छ टीकमगढ़ का संकल्प लेते हुए प्रकृति संरक्षण की दिशा में निरंतर योगदान देने का प्रण लिया।

## 10वीं का 71.37 तो कक्षा 12वीं का 80.06 प्रतिशत रिजल्ट रहा

# 12वीं में संजना तो 10वीं में अमित ने लहराया परचम,एमपी की टॉपटेन सूची में पाया स्थान





हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा कक्षा 10 वीं और 12 वीं की बोर्ड परीक्षा का रिजल्ट घोषित कर दिया गया है। इस दौरान श्योपुर जिले का कक्षा 10 वीं का बोर्ड परीक्षा परिणाम जहां 71.37 प्रतिशत रहा है। वहीं कक्षा 12 वीं का बोर्ड परीक्षा परिणाम 80.06 प्रतिशत रहा है। श्योपुर की तहसील विजयपुर के इकलौद की कक्षा 12 वीं की छात्रा संजना धाकड ने कला संकाय में 500 में से 483 अंक प्राप्त कर एमपी की टॉपटेल सूची में 10वां स्थान हासिल किया। वहीं कक्षा 10वीं में विजयपुर के अमित कुशवाह ने 500 में से 491 अंक प्राप्त कर एमपी की टॉपटेन सूची में 9वां स्थान प्राप्त हांसिल करते हुए श्योपुर जिले का नाम रोशन किया है। 12 वीं की टॉपर संजना धाकड अंबिका स्कूल इकलौद की छात्रा है और उनके पिता लेखराज धाकड शासकीय शिक्षक है। संजना का सपना आयकर अधिकारी बनने का है। जिसे पूरा करने के लिए वह तैयारी में जुट गई है। जबकि कक्षा 10 वीं के टॉपर अमित कुशवाह शासकीय मॉडल स्कूल विजयपुर का छात्र है। उनके पिता पंचम सिंह कुशवाह प्रायवेट तोर पर बच्चों को कोचिंग पढाने का काम करते है।

जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार कक्षा 12 वीं की बोर्ड परीक्षा में 4283 विद्यार्थी नियमित रूप से शामिल हुए थे। जिनमें कुल 3429 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए है। इनमें 3036 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी, 366 द्वितीय श्रेणी में पास हुए है। जबकि 839 विद्यार्थी फेल हो गए है। प्रायवेट विद्यार्थी के रूप में 466 विद्यार्थी परीक्षा में बैठे थे। जिनमें से 175 पास और 291 फेल हो गए है। इसी प्रकार कक्षा 10 वीं की परीक्षा में नियमित रूप से 5734 विद्यार्थी बैठे थे,जिनमें से 4092 पास और 1641 फेल हो गए। इस दौरान 3281 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी और 810 विद्यार्थी द्वितीय श्रेणी व 1 विद्यार्थी तृतीय श्रेणी में उर्त्तीण हुआ है। जबकि प्रायवेट तौर पर कक्षा 10 वीं की बोर्ड परीक्षा में 943 विद्यार्थी बैठे थे। इनमें से 249 पास और 693 फेल हो गए।

### कक्षा 10वीं की जिला स्तरीय टॉप थ्री सूची

| विद्यार्थी | पिता का नाम | प्राप्तांक | स्थान | स्कूल का नाम |
|---|---|---|---|---|
| तन्वी सप्रा | विकास सप्रा | 489 | प्रथम | फ्यूचर स्टार स्कूल श्योपुर |
| कार्तिक बंसल | अजय बंसल | 489 | प्रथम | सांदीपनी उमावि,विजयपुर |
| पूनम नागर | कृष्णमुरारी नागर | 488 | द्वितीय | फ्यूचर स्टार स्कूल श्योपुर |
| यशस्वी महाजन | पवन महाजन | 488 | द्वितीय | सांदीपनी उमावि, विजयपुर |
| विष्णु रावत | सोबरन रावत | 488 | द्वितीय | राइजिंग स्टार स्कूल, वीरपुर |
| खुशी रावत | राममूर्ति रावत | 488 | द्वितीय | अल्फा इंग्लिश स्कूल, श्योपुर |
| प्रियंका शर्मा | गिरिश शर्मा | 487 | तृतीय | फ्यूचर स्टार कान्वेंट स्कूल, श्योपुर |
| हर्षा पलिया | रवि पलिया | 487 | तृतीय | अल्फा इंग्लिश स्कूल, श्योपुर |
| भारती मंगल | दिनेश कुमार मंगल | 487 | तृतीय | अल्फा इंग्लिश स्कूल,श्योपुर |
| सौरब राठौर | विजय सिंह राठौर | 487 | तृतीय | शास.उमावि इकलोद |

### कक्षा 12वीं का रिजल्ट 4 फीसदी सुधरा तो 10वीं का 4 फीसदी गिरा

विशेष बात यह है कि कक्षा 12 वीं का बोर्ड परीक्षा परिणाम पिछले साल की तुलना में 4 फीसदी सुधरा है। लेकिन कक्षा 10 वीं का बोर्ड परीक्षा परिणाम में 4 फीसदी के करीब गिरावट आई है। बता दें कि पिछले साल 2025 में कक्षा 12 वीं का रिजल्ट 76.27 प्रतिशत के करीब रहा है। वहीं कक्षा 10 वीं का रिजल्ट 75.43 प्रतिशत के आसपास रहा है। डीईओ यश जैन का कहना है कि बोर्ड परीक्षा परिणामों की जल्द ही समीक्षा करते हुए पता करेगे कि कक्षा 10 वीं के बोर्ड रिजल्ट में गिरावट किन कारणों के चलते आई है।

### कक्षा 12वीं की जिला स्तरीय टॉप थ्री सूची

| विद्यार्थी | पिता का नाम | प्राप्तांक | विषय | स्थान | स्कूल का नाम |
|---|---|---|---|---|---|
| श्रीति बंसल | नितिन बंसल | 479 | कला | प्रथम | उत्कृष्ट उमावि श्योपुर |
| मोहिनी जादौन | रघुराज सिंह | 478 | कला | द्वितीय | शाउमावि बरगवाँ |
| कुशाग्र मित्तल | हनुमान प्रसाद मित्तल | 481 | विज्ञान | प्रथम | प्रताप उमावि श्योपुर |
| रिषभ बंसल | उमेश बंसल | 474 | विज्ञान | द्वितीय | अम्बिका उमावि इकलोद |
| विनायक गोयल | सत्यनारायण गोयल | 473 | गणित | तृतीय | प्रताप उमावि श्योपुर |
| तानिया मंगल | कमल किशोर मंगल | 473 | गणित | तृतीय | उत्कृष्ट उमावि श्योपुर |
| तनिषा जाट | नरेन्द्र जाट | 475 | वाणिज्य | प्रथम | उत्कृष्ट उमावि श्योपुर |
| जाग्रति मंगल | नेमीचंद मंगल | 470 | वाणिज्य | द्वितीय | उत्कृष्ट उमावि श्योपुर |
| कृष्णा राठौर | हरिशंकर राठौर | 471 | कृषि | प्रथम | शाउमावि ढोढर |
| ज्योति माली | लालपति माली | 471 | कृषि | प्रथम | शाउमावि ढोढर |

#### जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत समीक्षा बैठक आयोजित

# परंपरागत जल स्त्रोतों एवं प्राचीन कुओं व बावडियों का संरक्षण करें: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर




जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत समुदाय की भागीदारी सुनिश्चित की जायें तथा परम्परागत, प्राकृतिक जल स्त्रोतों, प्राचीन बावडियों, कुओं के संरक्षण के लिए आमजन को प्रेरित किया जायें, इसके साथ ही कुओं एवं बावडियों का जीर्णोद्धार कराया जायें, जल स्त्रोतों के आसपास साफ-सफाई के कार्य किये जाये और सघन रूप से वृक्षारोपण कराया जायें। यह निर्देश नवागत कलेक्टर शीला दाहिमा ने बुधवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जल गंगा संवर्धन अभियान की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए दिए है।

कलेक्टर शीला दाहिमा ने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान 19 मार्च से 30 जून की अवधि तक संचालित है, जिसके तहत पुराने तालाबों के जीर्णोद्धार तथा नवीन तालाबों के कार्य आवश्यकतानुसार लिये जायें, क्षेत्र की आवश्यकता को दृष्टिगत रखते हुए वृक्षारोपण कराया जायें तथा पौधों को बडा होने तक उचित देखभाल की व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जायें। उन्होने कहा कि अभियान के तहत हरित क्षेत्र के विकास के लिए अधिक से अधिक वृक्षारोपण किया जायें। उन्होंने निर्देश दिये कि जिले में संचालित सभी शासकीय गौशालाओं में प्राथमिकता के आधार पर प्लांटेशन किया जायें। उन्होंने कहा कि कॉलेजों के माध्यम से अमृत मित्रों का माय भारत पोर्टल पर पंजीयन कराया जायें। महिला बाल विकास विभाग द्वारा विभिन्न आंगनबाडी केन्द्रों एवं भवनों पर 112 रैन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाये जा रहे है, अन्य विभाग भी अपने-अपने भवनो में इस प्रकार के सिस्टम लगाकर जल संरक्षण को बल प्रदान करें।

सीईओ जिपं सौम्या आनंद ने अभियान अंतर्गत कराये जाने वाले कार्यो के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि इस वर्ष सभी शासकीय भवनों में रूफ वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाने का कार्य किया जा रहा है तथा जल संरक्षण एवं जल संवर्धन के प्रगतिरत कार्यो तालाब निर्माण 714, चैकडैम 170, तालाब मरम्मत 140, परकोलेशन टेंक 128, परकोलेशन पिट 74, खेत तालाब 381, डगवैल रिचार्ज 38, अमृत सरोवर 12 कुल 1657 कार्यो को पूर्ण कराने का लक्ष्य रखा गया है। इसके साथ ही 5 गांवो में मियावाकी प्लांटेशन का कार्य भी शामिल किया गया है। उन्होने बताया कि एक बगिया मॉ के नाम अंतर्गत प्रत्येक विकासखण्ड में 100-100 कार्य संचालित है। इस अवसर पर डीएफओ सामान्य वन मंडल केएस रंधा ने जानकारी दी कि सामान्य वन क्षेत्र के 1987 हेक्टयर क्षेत्र में 40 स्थानों पर 10 लाख 53 हजार 250 पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, यह वृक्षारोपण 15 जून के बाद किया जायेगा। कूनो डीएफओ आर थिरूकुराल ने बताया कि जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत कूनो वन क्षेत्र में 32 कार्य संचालित है, जिनमें तालाब गहरीकरण, स्टॉप डैम तथा सौसर निर्माण के काम शामिल है। बैठक में एडीएम रूपेश उपाध्याय, एसडीएम बीएस श्रीवास्तव सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

# नवागत कलेक्टर ने दिखाई नारी शक्ति वंदन स्कूटी रैली को हरी झंडी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



नवागत कलेक्टर शीला दाहिमा द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर से नारी शक्ति वंदन रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। महिला बाल विकास विभाग द्वारा नारी शक्ति वंदन स्कूटी रैली का आयोजन किया गया था। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत सौम्या आनंद, उप संचालक सामाजिक न्याय शशिकिरण इक्का, सहायक संचालक शिक्षा मधु शर्मा, डीपीओ महिला बाल विकास महेन्द्र कुमार अम्ब, सहायक संचालक रिशु सुमन, सहायक आयुक्त आदिम जाति कल्याण राकेश गुप्ता, महाविद्यालय प्राचार्य डॉ ओपी शर्मा सहित अन्य अधिकारी तथा महिला बाल विकास विभाग की सुपरवाईजर, आंगनबाडी कार्यकर्ता आदि उपस्थित रही।

उल्लेखनीय है कि राज्य शासन के निर्देशानुसार 10 से 25 अप्रैल तक नारी शक्ति वंदन पखवाडा मनाया जा रहा है, जिसके क्रम में महिला सशक्तिकरण से संबंधित विभिन्न कार्यक्रम एवं गतिविधियों का आयोजन जारी है। इसी क्रम में आज नारी शक्ति वंदन स्कूटी रैली का आयोजन कलेक्ट्रेट परिसर से श्री हजारेश्वर महादेव मेला मैदान तक किया गया, जिसमें बडी संख्या में महिलाएं स्कूटी पर सवार होकर महिला जागरूकता से संबंधित स्लोगन की तख्तीया लेकर निकली।

# रेलवे स्टेशन और मेडिकल कॉलेज तक चलेंगे ऑटो, बनेगे नए रूट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर




श्योपुर के नए रेलवे स्टेशन और नागदा में संचालित मेडिकल कॉलेज जाने के लिए अब ऑटो की सुविधा मिलना शुरू हो जाएगी। यह उम्मीद इसलिए जगी है,क्योंकि नवागत कलेक्टर शीला दाहिमा के निर्देशन में कलेक्ट्रट सभाकक्ष में आयोजित सडक सुरक्षा समिति की बैठक में अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय ने नवीन रेलवे स्टेशन बर्धा तथा मेडिकल कॉलेज तक ऑटो के लिए नवीन रूट निर्धारित किये जाने के निर्देश दिए है। उन्होंने शहरी क्षेत्र में सुरक्षा की दृष्टि से चंबल दाहिनी मुख्य नहर पर रेलिंग लगाये जाने का प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश भी जल संसाधन विभाग के अधिकारियों को दिये। बैठक में एसडीएम गगन सिंह मीणा, एसडीओपी राजीव गुप्ता, जिला परिवहन अधिकारी रंजना कुशवाह, यातायात प्रभारी संजय राजपूत, नायब तहसीलदार टीएल लकडा सहित पीडब्ल्यूडी, एनएच, एमपीआरडीसी, विधुत, नगरपालिका आदि विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में नगर की यातायात व्यवस्था को सुगम बनाये जाने के उद्देश्य से विभिन्न बिन्दुओं पर विचार विमर्श करते हुए पुराने बस स्टैण्ड में ऑटो स्टैण्ड बनाने, जयस्तभ पर ऑटो स्टैण्ड को व्यवस्थित करने तथा आवश्यकतानुसार नये ऑटो रूट निर्धारित किये जाने के संबंध में निर्णय लिये गये। इसके साथ ही नाबालिग वाहन चालको पर कार्यवाही करने के संबंध में भी निर्णय लिया गया। गोरस से शिवपुरी मार्ग के निर्माण के दौरान घुमाव वाले स्थानों पर नवीन तकनीकी अपनाते हुए रोलर रैलिंग लगाये जाने का प्रस्ताव भेजने के निर्देश एमपीआरडीसी के अधिकारियों को दिये गये। जिला परिवहन अधिकारी रंजना कुशवाह ने बताया कि परिवहन कार्यालय के माध्यम से 16 किलोमीटर के रेडियस में ऑटो के परमिट जारी किये जाते है, इस एरिया में नवीन रूट बनाये जाने के लिए कार्यवाही की जायेगी। बैठक के दौरान एनएच अधिकारियों ने बताया कि सिटी एरिया में शेष कार्य पूर्ण कराने के लिए 18 अप्रैल से कार्य शुरू कराया जायेगा तथा 15 दिवस में सभी कार्य पूर्ण करने के प्रयास किये जायेगे।

# कलेक्टर से मिले पार्षद, बोले सीएमओ की मनमानी से विकास प्रभावित




श्योपुर। बुधवार को विपक्ष के पार्षदों ने नवागत कलेक्टर शीला दाहिमा से मिलकर उन्हें शहर से जुड़ी समस्याओं से अवगत कराते हुए सीएमओ आरआर यादव द्वारा लिए जा रहे मनमाने फैसलों से रोकने के लिए ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि सीएमओ यादव ने मनमर्जी कर बिना कारण परिषद की बैठक निरस्त कर जनहित एवं नगर विकास कार्यों में बाधा उत्पन्न कराई है। पार्षदों ने कलेक्टर दाहिमा को बताया कि नपाध्यक्ष वोट चोरी कर नगर सरकार बनाने के आरोप में हाईकोर्ट के निर्देश पर पॉवर लेस घोषित हो चुकी हैं। ऐसी स्थिति में बजट जैसी महत्वपूर्ण बैठक पार्षदों की मांग पर कलेक्टर ने संवैधानिक नियमों की पालना करते हुए नपा उपाध्यक्ष की अध्यक्षता में आयोजित कराने के निर्देश दिए थे जिसके लिए एजेंडा भी जारी हो चुका था लेकिन सीएमओ ने दो दिन पहले मनमाना फैसला लेते हुए बैठक स्थगित कर दी जिससे शहर के विकास कार्य रुक गए हैं। पार्षदों ने कलेक्टर को बताया कि पिछले 06 माह से अधिक का समय बीत गया है परिषद की बैठक नहीं की गई है. जिससे प्रतीत होता है कि को जनहित के कार्यों एवं वर्ष के अंतिम माह में बजट पेश करना व जनता से जुड़े कार्यों में सीएमओ की कोई रूचि नहीं है। इसलिए उनके विरुद्ध दंडात्मक कार्यवाही की जाये।

#### कांग्रेस नेता रामलखन पर दर्ज मामले को लेकर मीणा समाज ने एसपी को दिया ज्ञापन

# हिरनीखेड़ा पर दर्ज कराई एफआईआर झूठी, जल्द कराई जाए उच्चस्तरीय जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



कांग्रेस नेता रामलखन हिरनीखेडा पर बडौदा थाने में दर्ज कराई गई एफआईआर न सिर्फ सरासर झूठी है,बल्कि एक गहरा राजनैतिक षडयंत्र भी है। इसलिए इस मामले की जल्द ही उच्चस्तरीय जांच करवाई जाकर घटना के वास्तविक दोषियों के खिलाफ मामला दर्ज कर उन्हें अरेस्ट किया जाए। यह बात मीणा समाज श्योपुर के पदाधिकारियों ने बुधवार को पुलिस अधीक्षक सुधीर कुमार अग्रवाल को ज्ञापन सौपते हुए कही।

बुधवार को मीणा समाज श्योपुर के अध्यक्ष हंसराज नागदा के नेतृत्व में एसपी कार्यालय पहुंचे मीणा समाज के लोगो ने एसपी को दिए ज्ञापन में उल्लेख किया है कि 8 मार्च को हिरनीखेडा गांव में मामूली बात पर हुई कहासुनी को लेकर वहां उपस्थित असमाजिक तत्वों ने एक बडा विवाद उत्पन्न करा दिया और रामलखन पर पत्थरों से हमला तक कर दिया। जिसकी रिपोर्ट बडौदा थाने में दर्ज कराई गई। मगर इस घटना के दोषियो के बचाने के उद्देश्य से एक झूठी कहानी गढते हुए रामलखन के खिलाफ ही बडौदा थाने में मामला दर्ज करा दिया गया। जो पूरी तरह निराधार है। इससे न सिर्फ कानून का दुरूपयोग हुआ,बल्कि रामलखन हिरनीखेडा की छवि को धूमिल करने और क्षेत्र में सामाजिक वैमनस्य फैलाने का एक अनुचित प्रयास भी है। मीणा समाज ने एसपी से इस मामले की उच्चस्तरीय जांच करवाते हुए घटना की वास्तविक सच्चाई का पता लगाए जाने का अनुरोध किया है। ज्ञापन सौपने के दौरान बडी संख्या में मीणा समाज पदाधिकारी और लोग मौजूद थे।

#### सायलो पर पहुंचे किसानों की फसल नहीं तुलने से हंगामा

# भाजपा नेताओं ने किसानों को तिलक लगाकर शुरू कराए गेहूं खरीद केंद्र, कुछ कांटो पर गड़बड़ी की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर





किसानों से एमएसपी दर पर गेंहू खरीद के लिए बनाए गए खरीद केंद्रों पर सरकार ने खरीदी शुरू कर दी है। बुधवार को भाजपा नेताओं ने जहां जैदा स्थित कृषि उपज मंडी में फसल बेचने गए किसानों के तिलक लगाकर खरीद केंद्र पर उनका स्वागत किया। उधर बड़ौदा तहसील के सलमानिया के सायलो केंद्र पर खरीद शुरू नहीं होने से नाराज़ किसानों ने हंगामा किया। इसके अलावा कुछ खरीद केंद्र पर तुलाई में गड़बड़ी की शिकायत किसानों द्वारा करने पर भाजपा नेताओं ने कलेक्टर को अवगत कराया।

कृषि उपज मंडी जैदा में खरीद केंद्र पर फसल विक्रय करने पहुंचे किसानों के भाजपा नेताओं ने तिलक लगाकर ओर माला पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष शशांक भूषण ने किसानों को बताया कि इस बार प्रदेश के 19 लाख से भी ज्यादा किसानों ने एमएसपी पर गेहूं बेचने के लिए रजिस्ट्रेशन कराया है। वहीं सरकार ने प्रशासन को खरीदी केंद्रों पर बारदाने, छांव और पानी जैसी बेसिक सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश जारी किए हैं। इस बार पेमेंट सिस्टम को भी फास्ट बनाया गया है। ताकि किसानों को फसल विक्रय के बाद पैसे के लिए परेशान न होना पड़े। इस दौरान पूर्व विधायक दुर्गा लाल विजय, रामलखन नापाखेडली आदि भाजपा नेता मौजूद रहे।

### सायलो पर पहुंची एक सैकड़ा ट्रॉली, नहीं हुई खरीद

इस बार शासकीय समर्थन मूल्य के 33 खरीद केंद्रों के अलावा सलमानियां सायलो सेंटर पर भी खरीद की घोषणा की गई थी। इसे ध्यान में रखते हुए बड़ी संख्या में बड़ौदा बत्तीसा क्षेत्र के किसान सायलो सेंटर पर अपनी फसल बेचने पहुंच गए एक सैकड़ा के करीब ट्रैक्टर ट्रॉली लेकर पहुंचे किसानों को तब झटका लगा जब सायलो के मैनेजर ने उन्हें बताया कि उनके पास खरीद करने के कोई निर्देश ही नहीं है। इस दौरान किसानों ने हंगामा किया किसान नेता राधेश्याम मूंडला वहां पहुंच गए और मैनेजर से चर्चा के बाद प्रशासन से मोबाइल के माध्यम से चर्चा की मौके पर पहुंचे तहसीलदार ने मैनेजर से बात की और जानकारी से एसडीएम को अवगत करा दिया दिन भर इस सेंटर पर खरीद को लेकर असमंजस वाली स्थिति बनी रही।

### इनका कहना है...

समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीद हेतु जिले में कुल 33 केंद्र निर्धारित किए गए हैं। इन केंद्रों पर पंजीकृत किसान अपना गेहूं बेच सकेंगे। इन 33 केंद्रों में सायलो केंद्र शामिल नहीं हैं, वहां खरीदी की नीति शासन स्तर पर लंबित है। इस संबंध में चर्चा कर रहे हैं।


**विजय शाक्य**
**डिप्टी कलेक्टर एवं खरीद केंद्र नोडल अधिकारी**

आज से जिले भर में खरीद केंद्र पर खरीदी शुरू हो गई है यह डबल इंजन वाली सरकार की किसानों के लिए एमएसपी दर पर गेंहू बेचने के लिए सौगात है। हमने आज कलेक्टर से मुलाकात कर गेहूं उपार्जन केन्द्र सीडब्ल्यूसी-2 वेयरहाउस पर धर्म कांटे से तुलाई में आ रही समस्याओं के सबंध में चर्चा की ओर किसानों से जुड़ी समस्या से अवगत कराया।

**शशांक भूषण**
**भाजपा जिलाध्यक्ष श्योपुर**

# चोरी की घटनाओं को रोकने एसपी को आवेदन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर




शहर समेत जिलेभर में बढती चोरी की वारदातो को लेकर बुधवार को भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष संजय मंगल की अगुवाई में एक आवेदन एसपी सुधीर कुमार अग्रवाल को सौंपा गया और चोरी की वारदातो पर लगाम लगाते हुए अब तक हुई चोरियों पर खुलासा जल्द किए जाने की मांग की गई।

चोरी की घटनाओ के शिकार लोगो के साथ बुधवार को भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष संजय मंगल एसपी कार्यालय पहुंचे और एसपी सुधीर कुमार अग्रवाल से मुलाकात करते हुए उन्हें आवेदन सौपा और उन्हें अवगत कराया कि चोरी की वारदाते बढती जा रही है। जिसके चलते आए दिन शहर में घर और दुकानो के ताले टूट रहे है। चोरी की घटनाओ को रोका जाए और चोरो के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

### रेत व गिट्टी के अवैध भंडारण पर प्रशासन की कार्रवाई

श्योपुर। कलेक्टर शीला दाहिमा के निर्देशानुसार खनिज विभाग की टीम द्वारा रेत एवं गिट्टी के अवैध भण्डारण पर कार्रवाई करते हुए जैदा मंडी रोड पर 4 स्थानों पर रेत एवं गिट्टी के अवैध भण्डारण को नष्ट करने की कार्यवाही की गई है। बुधवार को आज खनिज विभाग के अधिकारियों द्वारा जैदा मंडी रोड पर 4 स्थानों पर रेत एवं गिट्टी के अवैध भण्डारण को विनिष्टीकरण की कार्रवाई की गई। इस दौरान खनिज अधिकारी राजेश कुमार गंगेले एवं खनिज विभाग का अमला सहित होमगार्ड बल मौजूद रहा

### रोगी कल्याण समिति की बैठक आज

श्योपुर। कलेक्टर शीला दाहिमा की अध्यक्षता में रोगी कल्याण समिति की बैठक 16 अप्रैल को सायं 4 बजे से कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई है। सिविल सर्जन डॉ आरबी गोयल ने बताया कि रोगी कल्याण समिति की बैठक में सभी कार्यकारिणी सदस्यों को आमंत्रित किया गया है।

## खबर संक्षेप

### 1 करोड़ 63 लाख रुपए तक पहुंचा सहयोग

**अशोकनगर।** पी.एम.यू.एम. शिक्षक संघ द्वारा अपने दिवंगत सदस्यों के परिजनों को आर्थिक संबल प्रदान करने का सराहनीय कार्य निरंतर जारी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कर्मचारी कल्याण कोष योजना के माध्यम से इस बार दो दिवंगत सदस्यों के परिवारों को एक साथ सहयोग प्रदान किया जा रहा है।[व. महेन्द्र सिंह मुवेले के परिवार को अब तक लगभग 23 लाख रुपये तथा स्व. रेवाराम अलोने जी के परिवार को 27 लाख रुपये से अधिक की सहायता प्रदान की जा चुकी है। यह सहयोग प्रक्रिया 15 अप्रैल 2026 तक जारी रहेगी। संघ के अनुसार वर्तमान में लगभग 1 लाख 6 हजार शिक्षक एवं कर्मचारी सदस्यता ले चुके हैं, जिनमें शिक्षा विभाग के अधिकारी, बाबू एवं चपरासी भी शामिल हैं। प्रतिदिन बड़ी संख्या में नए सदस्य जुड़ रहे हैं।

### अंबेडकर जयंती पर चल समारोह निकाला



**राजपुर।** डा भीमराव अम्बेडकर जयंती पर राजपुर कस्बे में अनेक जगह पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। सर्वप्रथम हायर सेकंडी स्कूल में डा भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर फ़ूल माला पहनाकर कर जन्म दिवस मनाया गया। इस मौके पर स्कूल स्टाफ एवं प्रचार्य दयाराम मोर्य, संजय विजोले तथा गांव के गणमानय नागरिकों ने भाग लिया। समीप के ग्राम छीपोन पी एम शाला में भी डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयंती मनाई गई जिसमें स्कूल प्रचार्य मनोज छारी एवं स्टाफ शामिल हुआ। राजपुर कस्बे में डीजे की धुन पर युवा नाचते-हुए जय जयकार करते हुए चल समारोह में देखे गए। युवा नीले रंग से सराबोर दिखाई दे रहे थें डीजे की धुन पर नांचते गाते हुए देखा गया, अनुसुचित वस्ती अम्बेडकर मोहल्ले से चल समारोह निकाला गया जो गांव के मुख्य चोराहे गांधी पार्क, हनुमान चोराहा होते हुए जैन मन्दिर गली होते हुए वापिस मोहल्ले में पहुंचा। वहां अनेक वक्ताओं ने डा भीमराव अम्बेडकर के वारे में प्रकाश डालते हुए उनके जीवन परिचय के वारे में जानकारी दी। इस मौके पर वडी संख्या में गांव वासियों ने भाग लिया।

### 135वीं जयंती पर निकाला गया समारोह



**मुंगावली।** भारत रत्न भीमराव अंबेडकर की 135वी जन्म जयंती नगर में बड़े ही धूमधाम के साथ मनाई गई। जिसमें सुबह से ही अंबेडकर भवन के पास लगी अंबेडकर की प्रतिमा पर बड़ी संख्या में लोगों द्वारा माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किए। दोपहर में एक भव्य शोभा यात्रा नगर में अंबेडकर पार्क से शुरू की गई जो नगर में निकाली गई। नगर के बस स्टैंड, जय स्तंभ चैराहे, पोस्ट ऑफिस चैराहा, गायत्री मंदिर चैराहा, गणेश शंकर विद्यार्थी चैराहा से वापस होते हुए अंबेडकर भवन में जाकर इसका समापन किया गया। इस चल समारोह का जगह जगह भव्य स्वागत किया गया जिसमें ईमली चैराहा पर ज्ञानालय परिवार संयोजक अर्जुन यादव के द्वारा इस भव्य चल समारोह का स्वागत किया गया। जिसमें अर्जुन यादव के द्वारा भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस मौके पर ज्ञानालय परिवार संयोजक अर्जुन यादव के द्वारा बाबा साहब के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि अंबेडकर जी द्वारा बताए गए मार्ग पर आज की युवा पीढ़ी को चलना चाहिए और हमें उनसे एवं उनके आदर्शों को नमन करते हुए अपनाना चाहिए। मंडल महामंत्री रामबाबू दुबे के द्वारा बाबा साहब के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। ओर कहा कि आज संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती पूरे भारतवर्ष में मनाई जा रही है हमें उनके आदर्शों पर चलकर सीख लेना चाहिए।

---

### बाबा साहब के आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया

# संविधान निर्माता डॉ. अंबेडकर की जयंती उत्साहपूर्वक मनाई गई

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर**





डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती का पर्व अशोकनगर शहर मे विविध कार्यक्रमों के साथ मनाया गया। उनके स्मारक स्थल पर बडी संख्या मे अनुयायी पहुचें। उनके व्यक्तित्व और राष्ट्र को दिखाए गए रास्ते पर चलने का आव्हान किया गया। राजनैतिक दलो के प्रतिनिधियो ने भी संविधान निर्माता डॉ आंबेडकर का स्मरण किया। विभिन्न संगठनो की ओर से शहर मे चल समारोह भी निकाले गए।

संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर सोमवार को शहर में उत्साह और श्रद्धा का माहौल देखने को मिला। सुबह से ही पुराने बस स्टैंड स्थित अंबेडकर चैराहे पर आमजन, सामाजिक संगठनों, राजनीतिक दलों और जनप्रतिनिधियों की भीड़ जुटने लगी। सभी ने बाबा साहब की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर अंबेडकर पार्क को भव्य रूप से सजाया गया था। नगर ही नहीं, बल्कि आसपास के ग्रामीण अंचलों में भी बाबा साहब की जयंती पर कार्यक्रम आयोजित किए गए। वहां भी लोगों ने प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर उनके विचारों को स्मरण किया। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने डॉ. अंबेडकर के जीवन, संघर्ष और उनके संविधान निर्माण में दिए गए अतुलनीय योगदान को याद किया। उन्होंने कहा कि बाबा साहब ने समाज में समता, समानता और न्याय की नींव रखी, जिससे आज हर वर्ग को अधिकार मिला है। विदिशा रोड स्थित रविदास मंदिर से एक विशाल चल समारोह निकाला गया। जिसका समापन रविदास मंदिर पर हुआ।



#### बडी संख्या मे अनुयायी पहुंचे,महिलाएं भी शामिल हुईं

डॉ भीमराव आंबेडकर की जंयती के मौके पर अशोकनगर शहर मे बडी संख्या मे श्रृदालु उनके स्मारक स्थल पर पुष्पमालाए अर्पित करने पहुचे। इस दौरान भारत रत्न बाबा साहब की 135वी जयंती पर उन्हे सादर नमन किया गया। उनके व्यक्तित्व और कृतित्व पर चर्चा की गई। डॉ आंबेडकर के जीवन आर्दशो पर चलने का आव्हान किया गया। इस दौरान उपस्थित जनो ने उनके स्मारक पर पुष्पमालाए अर्पित की पुष्प चढाए और उन्हे नमन किया। इस दौरान छोटे छोटे बच्चो को भी उनके स्मारक के समक्ष पुष्प अर्पित करते देखा गया।

#### रविदास मंदिर से चल समारोह निकाला गया

रविदास मंदिर से निकाले गए चल समारोह में बडी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया, जिसमें बाबा साहेब की आकर्षक झांकी लगाई गई। उनके चित्र को एक वाहन में सवार किया गया, इस दौरान शोभायात्रा में कईं महापुरूषों की तस्वीरें सजाई गईं थी जो एकता का संदेश दे रहीं थीं। चल समारोह में एक बालक संविधान की पुस्तक हाथ में लेते हुए नजर आया। शहर में जिन जिन रास्तों से चल समारोह निकला, उन रास्तों पर फूलों की वर्षा की गई नीली गुलाल उड़ाई गई। पिपरई नगर सहित आसपास के क्षेत्रों में अंबेडकर जयंती का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाया गया। सुबह से ही कार्यक्रमों की शुरुआत प्रभात फेरियों और शोभायात्राओं के साथ हुई, जिसमें बड़ी संख्या में समाजजन शामिल हुए।

कार्यक्रम नगर के वार्ड नंबर 04 मे रविदास मंदिर स्थल । पर डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। वक्ताओं ने उनके जीवन, संघर्ष और संविधान निर्माण में दिए गए अमूल्य योगदान पर प्रकाश डाला। इसके उपरांत एक चल समारोह नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुए निकाला जिसमें समस्त समाज जनों ने चल समारोह पर फूल बरसा कर स्वागत किया। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया।

---

### हायर सेकेंडरी का 76 और हाई स्कूल का 68 प्रतिशत परीक्षा परिणाम रहा

# सांदीपनि विद्यालय की वैष्णावी ने राज्य मेरिट सूची में 7वीं रैंक हासिल की

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना**



हायर सेकंडरी एवं हाई स्कूल का परीक्षा परिणाम बुधवार को घोषित किया गया। कक्षा दसवीं का परीक्षा परिणाम 76 प्रतिशत एवं कक्षा बारहवीं का 68 प्रतिशत परीक्षा परिणाम रहा। जो पिछले वर्ष की अपेक्षा 2 प्रतिशत अधिक रहा। बुधवार को आए परीक्षा परिणाम में शहर की बेटियों ने अपना परचम लहराया। सांदीपनि स्कूल की दो छात्राओं ने प्रदेश की मेरिट सूची में स्थान हासिल किया है। सांदीपनि स्कूल की कक्षा 12वीं की छात्रा हिमानी ठाकुर पिता बृजभान सिंह ने 485/500 अंक प्राप्त कर गणित संकाय में प्रदेश की सूची में आठवां स्थान प्राप्त किया है। इसी तरह कक्षा 10वीं की छात्रा वैष्णवी पिता महेंद्र रजक ने 493/500 अंक प्राप्त कर प्रदेश की सूची में सातवां

स्थान प्राप्त कर स्कूल एवं शहर का नाम रोशन किया। रिजल्ट घोषित होते ही इन बेटियों का जोरदार स्वागत किया। स्कूल में ही फूलमाला एवं मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया। छात्राओं का प्राचार्य मंजू यादव सहित शिक्षकों ने एवं साथियों ने ने स्वागत किया। बीईओ नितीश दुबे ने बताया की कक्षा दसवीं में 1475 बच्चों ने परीक्षा दी थी। जिसमें से 1124 परीक्षार्थी पास हुए हैं। जिनका परिणाम 76 प्रतिशत रहा। जबकि पिछले वर्ष परीक्षा परिणाम 74 प्रतिशत था। इसी तरह कक्षा 12वीं में 1074 बच्चों ने परीक्षा में हिस्सा लिया था। जिनमें से सभी संकाय में 730 बच्चों ने परीक्षा उत्तीर्ण की है। उनका परीक्षा परिणाम 68 प्रतिशत रहा। जबकि पिछले वर्ष कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम 66 प्रतिशत था। इस तरह पिछली वर्ष की तुलना में इस वर्ष कक्षा 12वीं एवं कक्षा दसवीं का परीक्षा परिणाम 2 प्रतिशत अधिक रहा है। इसके अलावा सांदीपनि स्कूल की दो छात्राओं ने प्रदेश की मेरिट लिस्ट में स्थान प्राप्त किया है।

---

# हैंडपंपों में प्लेटफार्म नहीं, बोर में मिल रहा गंदा पानी

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर**



बहादुरपुर क्षेत्र के दर्जनों सरकारी हैण्डपंपों में प्लेटफार्म नहीं है। जिससे हैण्डपंपों के आसपास पानी का भराव हो रहा है और यह पानी सीधे बोर में जा रहा है। पानी के हैण्डपंपों के पास जमा रहने और बोर में जाने के कारण पानी दूषित होने की आषंका बढ़ रही है। इस तरह की लापरवाही सीधे-सीधे बीमारियों को दावत देना है।

इन दिनों मौसम दिन प्रतिदिन गर्म होता जा रहा है। यह मौसम पानी में बीमारी जनित कीटाणुओं के पनपने का मौसम है। ऐसे में बगैर प्लेटफार्म वाले हैण्डपंप जल जनित बीमारियों को फैलाने वाले साबित हो सकते हैं। खास बात है कि पीएचई के पास बीते डेढ़ वर्ष से बगैर प्लेटफार्म वाले हैण्डपंपों पर प्लेटफार्म बनाने के लिए कोई राषि नहीं आई है। पीएचई के उपयंत्री रोहित त्यागी ने बताया कि प्रत्येक वर्ष कम से कम 50 हैण्डपंपों के प्लेटफार्म बनाने का लक्ष्य आता था लेकिन डेढ़ साल से बंद है। उन्होंने कहा कि हमने पोस्ट मानसून क्लोरीनेषन जरूर सभी हैण्डपंपों में कराया है। दूसरी ओर भले ही पीएचई के पास बजट न हो लेकिन यह काम ग्राम पंचायतें पंद्रहवें वित्त की 30 प्रतिषत राषि से करा सकती हैं। जिसमें करीब साढ़े आठ हजार रुपए का खर्च आता है। वहीं सेक्टर मेडिकल ऑफिसर डॉ. वायएस तोमर ने बताया कि पानी दूषित होने से आंत संबंधी कई बीमारियां होता हैं।



बंगला चैराहा से अषोकनगर मार्ग पर ग्राम पंचायत गुपलिया के अंतर्गत एक हैण्डपंप है। जो कि नेहकाई जाने वाले रास्ते के जोड़ पर लगा हुआ है। करीब दस वर्ष पहले बंगला चैराहा से अषोकनगर के लिए नई सड़क बनी तो यह हैण्डपंप नीचे हो गया। गुपलिया के युवा सेतूराजा ने बताया कि यहां राहगीर रुक कर पानी पीते हैं। इस हैण्डपंप का प्लेटफार्म पूरी तरह से जमीन में दबा हुआ है। हैण्डपंप से निकलने वाला पानी वापिस बोर में चला जाता है। रोजगार सहायक महेष यादव ने बताया कि सरपंच-सचिव सुनते नहीं है। गांव की समस्याओं के प्रति उनका ध्यान नहीं है।

बहादुरपुर-मुंगावली के बीच में काछी बरखेड़ा चैराहा है। यहां से एक रास्ता पिपरई, एक रास्ता कुम्हर्रा-बर्री तक भी जाता है। इस चैराहे पर लगा हैण्डपंप राहगीरों की प्यास बुझाने का एकमात्र स्त्रोत है। इस हैण्डपंप का प्लेटफार्म भी टूटा हुआ है और पानी मौके पर ही जमा होता है। जनपद सदस्य परवीन बी ने बताया कि यहां बड़ी संख्या में मवेषी पानी की तलाष में घूमते हैं, हौदी भी नहीं बनी है। उन्होंने इसकी सूचना जनपद पंचायत मुंगावली में भी दी है। काछी बरखेड़ा के सचिव चंद्रकांत पटेल ने बताया कि उक्त हैण्डपंप हमारी ग्राम पंचायत की सीमा में नहीं आता है।

ग्रापं कुकावली के अंतर्गत अजा बस्ती खुषीपुरा है। यहां के शासकीय प्राथमिक विद्यालय के पास लगे हैंडपंप के चारों ओर गंदा पानी भरा हुआ है। शाला प्रभारी नत्थू सिंह ने बताया कि हैण्डपंप के संबंध में एक बार ग्राम पंचायत को आवेदन दिया था लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। पंचायत सचिव जयराम रजक ने बताया कि इस संबंध में कार्रवाई चल रही है। काछी बरखेड़ा चैराहे पर प्लेटफार्म के साथ हौदी भी बनवा रहे हैं।

#### निर्देश देंगे

यह काम पीएचई का है, यदि उनके पास बजट नहीं है तो जहां-जहां हैण्डपंपों के प्लेटफार्म टूटे हुए हैं। वहां हम ग्राम पंचायतों को निर्देषित करते हैं कि टूटे हुए प्लेटफार्म हैं, वहां नए बनवाएं और मवेशियों के लिए हौदी भी बनवाएं।

**आलोक प्रताप इटौरिया,** मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत मुंगावली

---

घटना के बाद ट्राला का ड्राइवर हुआ फरार

# ट्राला ने बाइक सवार को रौंदा, सिर पर पहिया चढ़ने से मौके पर मौत



**हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर**



स्थानीय बस स्टेण्ड से कोलुआ मार्ग जाने वाले रास्ते पर एक डंफर ने एक बाईक सवार को रौंद दिया, इस घटना में बाईक सवार की मौके पर ही मौत हो गई, घटना दोपहर 11 बजे की है। ट्राला अशोकनगर से कोलुआ रोड की ओर जा रहा था।

घटना की कहानी यह है कि ट्राला क्रमांक आरजे 14 जीजे 0777 नल जल योजना के पाईप भरकर आ रहा था। जब यह ट्राला बस स्टेण्ड के बाहर शांपिंग कॉम्पलेक्स में बनी दुकानों के बाहर से गुजर रहा था, उसी दौरान अशोकनगर के यादव कालोनी निवासी रामबाबू पिता सुजान सिंह यादव उम्र 41 साल अपने भतीजे के साथ बाईक पर बैठकर गया था, बाईक भतीजा चला रहा था और बाईक के पीछे रामबाबू यादव बैठा हुआ था। तभी बाईक से नीचे उतरने के दौरान सामने से आ रहे एक डंफर से वह टकरा गया, इस घटना में डंफर उनके सिर के ऊपर से निकल गया, जिसकी तत्काल सूचना देहात थाना प्रभारी भुवनेश शर्मा को प्रदान की गई, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक के शव को वाहन के अन्दर से निकाला गया तथा पोस्ट मार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा गया। घटना के बारे में परिवार जनों ने बताया कि वह एक बस में मोबाइल रखने के लिए गए थे तभी यह घटना हो गई, इस घटना के बाद डंफर चालक फरार है,मृतक के परिवार जन जिला अस्पताल पहुंचे जहां पोस्टमार्टम के बाद परिवार जनों को अपने रिश्तेदारों का इंतजार करते हुए देखा गया। इस दौरान परिवार जनों ने बताया कि उनकी बेटी इन्दौर में निवास करती है और वह वहां से अशोकनगर आने के लिए रवाना हो गई है। परिवारजन बेटी के आने का इंतजार करते रहे, पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है मामले की जांच की जा रही है।

---

### ऑनलाइन सट्टा गिरोह का खुलासा

# आईपीएल सट्टे पर अशोकनगर पुलिस की बड़ी कार्रवाई

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर**

पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा द्वारा जिले के समस्त थाना प्रभारियों को ऑनलाइन सट्टा गतिविधियों पर सख्त कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया था जिसके अंतर्गत सिटी कोतवाली पुलिस ने ऑन लाईन आईपीएल के सटटे के आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

थाना कोतवाली प्रभारी निरीक्षक रवि प्रताप सिंह चैहान द्वारा ऑनलाइन आईपीएल सट्टा गिरोह का पर्दाफाश करने में सफलता प्राप्त की है। उल्लेखनीय है कि 13 अप्रेल को राजस्थान रॉयल्स एवं सनराइजर्स हैदराबाद के बीच चल रहे क्रिकेट मैच के दौरान थाना कोतवाली प्रभारी निरीक्षक रवि प्रताप सिंह चैहान के नेतृत्व में विशेष टीम गठित कर अवैध ऑनलाइन आईपीएल सट्टे के विरुद्ध कार्यवाही की गई। कार्यवाही के दौरान उप निरीक्षक आशुतोष गुप्ता द्वारा मुखबिर की सूचना पर दबिश देकर आरोपी मोंटी जैन (उम्र 25 वर्ष), निवासी दुबे कॉलोनी,



अशोकनगर को गिरफ्तार किया गया। आरोपी के कब्जे से एक एंड्रॉयड मोबाइल एवं सट्टा संचालन में प्रयुक्त अन्य सामग्री जप्त कर अप0क्र0 233/2026 धारा 4 (क) धुरत क्रीडा अधिनियम एवं धारा 112(1) बीएनएस कायम किया गया। जप्त मोबाइल की जांच में विभिन्न वेबसाइटों पर संचालित आईपीएल सट्टे की कई आईडी, बडे ट्रांजेक्शन से संबंधित स्क्रीनशॉट, फोनपे ट्रांजेक्शन हिस्ट्री तथा गिरोह से जुड़े अन्य व्यक्तियों के साथ हुई बातचीत के महत्वपूर्ण साक्ष्य प्राप्त हुए हैं। प्रारंभिक जांच में अन्य आरोपी अंश रघुवंशी, अभिषेक महाना सहित इंदौर में सक्रिय कई अन्य संदिग्ध व्यक्तियों के मोबाइल नंबर प्राप्त हुए हैं।

---

### नारकोटिक्स नशामुक्ति जन जागरूकता अभियान का शुभारंभ

**अशोकनगर।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद जिला अशोकनगर के ब्लॉक मुंगावली में कलेक्टर साकेत मालवीय के निर्देशानुसार शासकीय गणेश शंकर विद्यार्थी महाविद्यालय में नारकोटिक्स नशामुक्ति जन जागरूकता अभियान का शुभारंभ अतिथियों द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में राज्य कर्मचारी संगठन के जिला अध्यक्ष संतोष शर्मा, विशिष्ट अतिथि के रूप में समाज सेवी राकेश चैबे, प्रस्फुटन समिति अध्यक्ष कमल सिंह यादव, परिषद के जिला समन्वयक बद्रीप्रसाद चैहान, परामर्शदाता पूजा लोधी, कृष्णकांत तिवारी, प्रवीण चैबे, धर्मेंद्र गिरी गोस्वामी, मुकेश प्रजापति की उपस्थिति में संपन्न हुआ। उन्होंने बताया कि नशा नाश की जड़ है भाई नशे के कारण आज हजारों परिवार उजड़ गए हैं। चैबे ने छात्रों से अपील करते हुए कहा कि आप ही सबसे पहले नशे से दूर रहकर एक स्वस्थ समाज का निर्माण करने में अपनी महती भूमिका निभा सकते है। साथ ही जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक बद्री प्रसाद चैहान ने बताया की नारकोटिक्स एक जहरीला नशा है जो विदेशी ताकतों द्वारा भारत कि युवा पीढ़ी को कमजोर कर देश की शक्ति को कमजोर करने का षड्यंत्र रचा जा रहा है हमे उनके इस षड्यंत्र को नाकाम करना होगा तभी हमारा देश विश्वगुरु बनेगा।

---

# डॉ.भीमराव अंबेडकर जयंती पर स्तरीय कार्यक्रम आयोजित

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर**



भारतीय संविधान के निर्माता भारत रत्न डॉ.भीमराव अम्बेड़कर की 135वीं जयंती के अवसर जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय पठार अशोकनगर में मुंगावली विधायक बृजेन्द्र सिंह यादव के मुख्य आतिथ्य में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ.भीमराव अम्बेड़कर जी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। इस दौरान राष्ट्रीय गीत एवं राष्ट्रगान का सामूहिक गायन किया गया। कार्यक्रम में चंदेरी विधायक जगन्नाथ रघुवंशी द्वारा संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया गया।

जिला स्तरीय कार्यक्रम में चंदेरी विधायक जगन्नाथ सिंह रघुवंशी, कलेक्टर साकेत मालवीय,मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन,अपर कलेक्टर डी.एन.सिंह,उपाध्यक्ष जनपद पंचायत अशोकनगर अभिषेक यादव,जिला पंचायत सदस्य शीला जाटव,सांसद प्रतिनिधि संजीव भारिल्य, मनोज शर्मा, सतेन्द्र कलावत, जिला संयोजक आदिम जाति कल्याण विभाग से अदिति सिंह, शिक्षक अशोक अहिरवार, मनोज दुबे सहित अधिकारी एवं नागरिकगण उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में मुंगावली विधायक बृजेन्द्र सिंह यादव ने कहा कि आज हम डॉ भीमराव अंबेडकर जी की 135 जयंती मना रहे हैं। बाबा साहब की जयंती अशोकनगर जिले में नहीं बल्कि देश के साथ-साथ विश्व में मनाई जा रही है। उन्होंने कहा कि बाबा साहब के ऊपर सरस्वती माता का आशीर्वाद था। एक दलित शोषित वर्ग में जन्म लेकर उन्होंने ज्ञान प्राप्त किया। उन्होंने देश विदेश में शिक्षा प्राप्त कर 32 डिग्री हासिल की। साथ ही 9 भाषाओं का उनका ज्ञान प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि हमारे देश के महापुरुष जिन्होंने देश को आजादी दिलाने में अपने प्राणों को न्योछावर कर जिन्होंने अपना पूरा जीवन समर्पित किया। उन महापुरुषों के कार्यक्रम हो या जयंती हो हम सभी वर्गो के लोग एक साथ मिलकर मनाना चाहिए।

कार्यक्रम में चंदेरी विधायक जगन्नाथ सिंह रघुवंशी ने कहा कि बाबा साहेब डॉ. अम्बेडकर आजीवन वंचितों, पीड़तिों, शोषितों और उपेक्षितों के सामाजिक, आर्थिक, शैक्षिक और राजनैतिक सशक्तिकरण की प्रखर आवाज थे। कार्यक्रम में कलेक्टर साकेत मालवीय ने कहा कि बाबा साहब अंबेडकर की जयंती के अवसर पर उनके प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त करता हूं और उनको नमन करता हूं। उन्होंने कहा कि भारत का स्वतंत्रता संघर्ष का जो इतिहास है उसमें ऐसे अनेक महापुरुष हुए हैं जिन्होंने कई तरह से जान तक की कुर्बानी देकर इस स्वतंत्र भारत को खड़ा करने में अपना योगदान किया है। उन्होंने कहा कि भारतवर्ष 75 सालों में एक संगठित समाज के रूप में एक संगठित राष्ट्र के रूप में प्रगति पथ पर आगे बढ़ पा रहा है बहुत सारे समकालीन ऐसे देश हुए जिन्होंने स्वतंत्रता को प्राप्त किया लेकिन वह स्वतंत्रता को सहजकर नहीं रख पाए। भारत देश तमाम चुनौतियों के बीच में नागरिकों को मूल अधिकार प्रदत्त करते हुए उनको सुविधाओं के लिए भी चिंता करते हुए आगे बढ़ पा रहा है।

#### स्कूली बच्चों को किया पुरस्कृत

अनुसूचित जाति विकास विभाग के संचालित छात्रावासों में प्रवेशित विधार्थियों द्वारा 08 अप्रैल से 13 अप्रैल तक निबंध, चित्रकला, वादविवाद,भाषण प्रतियोगिता में भाग लिया। श्रमदान एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम जैसे आयोजन किये गए। जिनमें से प्रतिभावान छात्रों को कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों द्वारा स्कूली बच्चों को पेन और डायरी प्रदान कर पुरूस्कृत किया गया। साथ ही मान्या साहू को लाड़ली लक्ष्मी प्रमाण पत्र का वितरण किया गया।